




बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 07 मई 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 99 | मूल्य - 5 रुपये














## शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक पर गोली चलाई गई..

**कोलकाता, (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बुधवार रात अज्ञात हमलावरों ने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ को करीब से गोली मार दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना मध्यमग्राम क्षेत्र में हुई, जहां शुभेंदु अधिकारी के सहायक के रूप में कार्यरत रथ को कथित तौर पर एक सड़क पर निशाना बनाया गया। सूत्रों के अनुसार, गोलीबारी में रथ को कई गोलियां लगीं और उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया। घटना के तुरंत बाद, पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हमले के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इलाके में मौजूद हैं और गोलीबारी में शामिल लोगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# लचर क्षेत्ररक्षण पड़ा पंजाब किंग्स पर भारी, सनराइजर्स हैदराबाद ने 33 रन से हराया

**हैदराबाद, (भाषा)।** पंजाब किंग्स को कैच टपकाने का खामियाजा भुगतना पड़ा और बुधवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 33 रन से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। हेनरिच क्लासेन और ईशान किशन के अर्धशतकों के दम पर सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 235 रन बनाये।

सपाट विकेट पर सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस ने चार ओवर में 34 रन देकर दो विकेट लिये जबकि एशान मलिंगा ने चार ओवर में 34 रन देकर एक विकेट चटकाया। दोनों ने 21 डॉट गेंदें फेंकी और पंजाब किंग्स बीस ओवर में सात विकेट पर 202 रन ही बना सके। कूपर कोनोली ने 59 गेंद में नाबाद 107 रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पंजाब किंग्स की हैदराबाद में यह लगातार नौवीं हार थी। सनराइजर्स के इस सातवीं जीत के साथ 14 अंक हो गए हैं और वह दस टीमों में शीर्ष पर है। बाकी तीन मैचों में से एक जीत के साथ ही उसके 16 अंक हो जायेंगे जो प्लेआफके लिये क्वालीफाई करने के लिये काफी है।

पंजाब की शुरूआत बेहद खराब रही और चार रन के स्कोर पर उसके दो बल्लेबाज पवेलियन में थे। प्रियांश आर्य को कमिंस ने रवाना किया जबकि प्रभसिमरन सिंह ने नीतिश रेड्डी की गेंद पर कमिंस को कैच थमाया। कप्तान श्रेयस अय्यर भी पांच रन बनाकर आउट हो गए।



मैच का नतीजा दो पावरप्ले में ही तय हो गया। सनराइजर्स के लिये अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने पावरप्ले में एक विकेट पर 79 रन बनाये थे जबकि पंजाब तीन विकेट पर 57 रन ही बना सका। लगातार तीसरी हार के लिये पंजाब का लचर क्षेत्ररक्षण कसूरवार रहा। ईशान और क्लासेन के कैच तीन बार छूटे जबकि प्रभसिमरन ने स्टम्पिंग का मौका भी गंवाया। अभिषेक ( 13 गेंद में 35 रन) और हेड ( 19 गेंद में 38 रन ) ने अर्शदीप सिंह और मार्को यानसेन की गेंदों की धुनाई करते हुए अर्धशतकीय साझेदारी की। इसके बाद क्लासेन (43 गेंद में 69 रन) और ईशान (32 गेंद में 55 रन ) ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए अर्धशतक लगाये। नीतिश रेड्डी ने 13 गेंद में नाबाद 29 रन का योगदान दिया। पिच से गेंदबाजों को बिल्कुल मदद नहीं मिली जिसे देखते हुए चहल का प्रदर्शन काबिले तारीफकहा जायेगा। उन्होंने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। उन्हें तीन विकेट मिले होते लेकिन शशांक सिंह ने एक आसान कैच छोड़ा और प्रभसिमरन सिंह ने स्टम्पिंग का आसान मौका गंवाया। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने 17 छक्के जड़े। अभिषेक ने इनमें से चार, हेड ने तीन , ईशान और क्लासेन ने चार चार छक्के लगाये। पंजाब के लिये अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन देकर एक विकेट लिया जबकि यानसेन ने 61 रन दे डाले और कोई सफलता नहीं मिली। ईशान ने विजयकुमार विशाख को लगातार तीन छक्के लगाकर अपने चिर परिचित फॉर्म की झलक दिखाई। अभिषेक ने यानसेन को लांग आफऔर लांग आन पर छक्के लगाये। उन्होंने लॉकी फर्युसन को पूल शॉट खेलकर टीम के 50 रन पूरे किये। अभिषेक पांचवां छक्का जड़ने के प्रयास में मिड आफ पर श्रेयस अय्यर को कैच दे बैठे। उनके जाने के बाद हेड ने मिडविकेट पर दो सपाट छक्के लगाये। वह लगातार तीसरा अर्धशतक जमाने से हालांकि चूक गए।






## टीवीके प्रमुख विजय ने राज्यपाल से मुलाकात कर किया तमिलनाडु में सरकार बनाने का दावा पेश..



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में तेजी से हुए घटनाक्रम के बीच तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के अध्यक्ष सी. जोसेफविजय ने बुधवार (6 मई 2026) को चेन्नई स्थित लोक भवन में तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आरलेकर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। विजय दोपहर लगभग 3:15 बजे लोक भवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल आरलेकर के साथ आधे घंटे से अधिक समय तक बैठक की। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे, जिनमें महासचिव एन. आनंद, उच्चस्तरीय प्रशासनिक समिति के मुख्य समन्वयक के.ए. सेंगोट्टैयन, महासचिव (चुनाव प्रचार प्रबंधन) आधारव अर्जुना, महासचिव (नीति एवं प्रचार) के.जी. अरुणराज, कोषाध्यक्ष पी. वेंकटरमणन तथा संयुक्त महासचिव सी.टी.आर. निर्मलकुमार शामिल थे। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में टीवीके 234 सदस्यीय सदन में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। हालांकि पार्टी की प्रभावी संख्या 107 मानी जा रही है, क्योंकि विजय ने पेरंबूर और तिरुचि ईस्ट – दोनों सीटों से जीत हासिल की है।

### भ्रष्टाचार संहित सभी शिकायतों के मामलों में


# शिकायतकर्ता की उपस्थिति में जांच का प्रावधान होगा तभी भ्रष्टाचार का खात्मा हो सकेगा..

### कांग्रेस ने सूचना का अधिकार दिया भाजपा शिकायतकर्ताओं को जांच में होने शामिल होने का अधिकार दे.. छैलबिहारी अग्रवाल ने की पीएम मोदी से मांग..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

*गोंदिया के वरिष्ठ राष्ट्रचिंतक छैलबिहारी अग्रवाल ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भ्रष्टाचार की शिकायत करने वालों की उपस्थिति में ही और मजिस्ट्रियल जांच का कानून लागू करने की मांग की है। श्री अग्रवाल ने कहा कि हम अक्सर देखते हैं कि विशेषकर राजनीतिक दल चुनाव के समय एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं और चुनाव के बाद आरोपों पर कार्यवाही की*

बजाए आरोपों को खुद ही कचरे में डाल देते हैं, ऐसा करने के पीछे विशेष मकसद यह होता है कि नेता यह चाहते हैं कि जब उनके भ्रष्टाचार सामने आएं तो उन पर भी कोई कार्यवाही कोई नेता न करे। श्री अग्रवाल ने कहा कि इसलिए लोकतंत्र में शिकायतकर्ता की जिम्मेदारी और उसके लिए भी शिकायत साबित न होने पर सजा का प्रावधान होना चाहिए, जबकि शिकायतकर्ता की स्वयं की जिम्मेदारी तय कर उसकी उपस्थिति में जांच का प्रावधान होगा तो निश्चित ही भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार होगा।



### यह भी बोले अग्रवाल..

छैलबिहारी अग्रवाल ने आगे कहा कि कांग्रेस ने देश को सूचना का अधिकार दिया, यह एक बहुत बड़ा काम किया, ये अलग बात है कि इसे भी बाद में भाजपा सरकारों में तोड़ मरोड़कर कमजोर कर दिया गया, लेकिन अभी भी वक्त है वर्तमान सरकार के पास, की वो सिर्फताना बाना बुनकर सत्ताधीश बनने के साथ ही देश के मूल विकास को समझे नहीं तो आने वाले दिनों में भाजपा भी जो कांग्रेस युक्त तो हो ही चुकी है, कांग्रेस से भी गर्त में न चली जाए।

### राजनीतिक दलों को दी चुनौती..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि यह कानून वही सरकार बना सकती और वही नेता इस कानून का समर्थन करेंगे जो वास्तव में भ्रष्टाचार को खत्म करने की मंशा रखते हैं, और इस तरह का प्रस्ताव लागू करने से ही सरकार और नेताओं की नियत जनता के सामने आ जाएगी, इसलिए इस विषय पर कोई भी सरकार या नेता कोई पहल नहीं करेगा, ये भी मेरा दावा है। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि वास्तव में भारत को आगे बढ़ाने के लिए सुख शांति कायम करने के लिए जिस तरह की नियत और ईमानदारी की जरूरत है, वो आजादी के बाद से अब तक किसी भी राज्य या केंद्र में किसी भी सरकार में नहीं दिखाई दी।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## जिला रेडक्रॉस समिति द्वारा वृद्धाश्रम में लगाया नेत्र जांच शिविर, 16 वृद्धों ने करायी अपने नेत्रों की जांच







**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष सिवनी के मार्गदर्शन में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला सिवनी द्वारा, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी म.प्र.राज्य शाखा भोपाल से प्राप्त पत्रानुसार, विश्व रेडक्रॉस दिवस के***

अवसर पर जिले में रेडक्रॉस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में 06 मई 2026 को जिला मुख्यालय के बारापत्थर क्षेत्र में स्थित वृद्धाश्रम में रहने वाले बजुर्गों की आंखों की जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान नेत्र रोग चिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध चंद्रवंशी सहित जिला रेडक्रास समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहें। जांच शिविर में वृद्धाश्रम में 16 वृद्ध महिला- पुरुषों की आंखों की जांच की जाकर आवश्यक चिकित्सा सलाह दी गई तथा आई ड्राप व दवाएं भी उपलब्ध करायी गई।

इस आयोजन के संबंध में बताया गया कि आमजनों की स्वास्थ्य, सेवा को लेकर जिला रेडक्रास समिति लगातार प्रयास कर रही है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आगे भी आयोजन किये जायेंगे। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर रेडक्रॉस सप्ताह के दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण, जागरूकता अभियान एवं सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर उसकी जानकारी एवं प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराएं। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन में मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना तथा रेडक्रॉस के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना है।

वृद्धाश्रम में आयोजित नेत्र जांच शिविर के दौरान जिला रेडक्रास समिति से चेयरमेन डॉ. संदीप उपाध्याय, सचिव-अरुण राय, वाइस चेयरमेन अनूप मिश्रा, ट्रेजरर डॉ. प्रतीक अवस्थी, श्रीमती सविता गौतम, डॉ बसंत राय, पी एल वर्मा, मीडिया प्रभारी सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा, जनक तिवारी, डॉ.एस आई मंसूरी, डॉ. आई मंसूरी, डॉ भुवन कटरे, एस के हरिनखेडे, शासकीय कन्या महाविद्यालय के सहायक प्राध्यपक रामदीन भलावी उपस्थित रहे।

## शादी समारोह के दौरान कांहीवाड़ा के फूटाताल मे हुई लूट का आरोपी पकड़ाया

### परिचित ही निकला आरोपी, लगभग 1,65,000 रूपये के कुल 818 ग्राम चाँदी के जेवर बरामद..



**जगप्रेरणा कांहीवाड़ा।**

***दिनाँक 28/03/2025 को फरियादिया श्रीमती सुमंत्रा भावरे पति गंगाराम भांवरे नि. डूंडासिवनी चौक सिवनी ने इस***

आशय की रिपोर्ट लिखवाई कि वह अपने मायके मे रिश्तेदार उमेश की शादी मे फूटाताल के पास कांहीवाड़ा आई थी रात्री मे शादी की पार्टी के दौरान वह संडास जाने के लिये डब्बा लेकर घर के पीछे खेत की बंधी मे गई थी तभी पीछे से अचानक किसी अज्ञात व्यक्ति ने जोर से मुँह दबा दिया और गला पकड़ लिया तथा गले मे पहनी हुई सोने की मंगलसूत्र खींचकर छीन लिया जिससे गले व गाल मे चोंट लगी तथा खून निकलने लगा। फिर जमीन मे पटककर मारपीट किया और कमर मे पहनी हुई चांदी की करदौना तथा पाँव मे पहनी हुई पायल भी छीन लिया और भाग गया। अंधेरा होने से फरियादिया उसका चेहरा नही देख पाई। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना कांहीवाड़ा मे अप. 94/2026 धारा 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टीगत रखते हुए घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई तथा पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के मार्गदर्शन व अति. पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के निर्देशन मे एसडीओपी केवलारी आशीष भराड़े के द्वारा अज्ञात आरोपीगण की शीघ्र पतासाजी हेतु पुलिस थाना कांहीवाड़ा की टीम गठित कर लगाया गया। विवेचना की निरंतरता मे आये साक्ष्य एवं तकनीकि पहलुओं के आधार पर विवेचना हेतु गठित टीम ने घटना के आरोपी संतोष उइके पिता चैनलाल उइके उम्र 40 वर्ष नि. ग्राम चिरचिरा थाना अरी जिला सिवनी को दिनाँक 05/05/2026 को सिवनी से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की तथा आरोपी से हिकमत अमली से पूछताछ कर आरोपी द्वारा प्रतिष्ठान देशलहरा ज्वेलर्स सिवनी मे 30000 रूपये मे गिरवी रखे गये लूट का मशरूका एक नग चांदी की करदौना व एक जोड़ी चांदी की पायल जप्त किया गया है।

**नाम व पता आरोपी** –संतोष उइके पिता चैनलाल उइके उम्र 40 वर्ष नि. ग्राम चिरचिरा थाना अरी जिला सिवनी। **जप्त मशरूका**-1 नग चांदी की करदौना वजन 545 ग्राम कीमती करीबन 110000 रूपये। 1 जोड़ी चांदी की पायल वजन 273 ग्राम कीमती करीबन 55000 रूपये। **सराहनीय भूमिका** – निरीक्षक संतोष पन्द्रे थाना प्रभारी कांहीवाड़ा, उनि. अंकिता जैन, सउनि. जगमोहन अधिकार, सउनि. देवेन्द्र जायसवाल (सायबर सेल), प्रआर. सत्यकुमार इनवाती, प्रआर. फुलवंत धुर्वे, प्रआर. नंदुलाल उइके, आर. कपिल बादशाह, आर. हिमांचल बड़गैया।

## सड़क हादसे में बच्चे सहित चार लोग घायल





**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। हादसा केवलारी गांव के पास हुई, बाइक सवार लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे।***

जानकारी के अनुसार, केवलारी के पास अचानक एक मवेशी सड़क पर आ गया। बाइक चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन मवेशी से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद, डॉक्टरों ने दो घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जबलपुर के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

घायलों की पहचान शिव लाल कुलस्ते (55), अच्छे लाल कुलस्ते (40), बेनी प्रसाद कुलस्ते (42) और एक बच्चे (8) के रूप में हुई है। ये सभी खेती-किसानी का काम करते हैं और एक ही परिवार या परिचित बताए जा रहे हैं।

### आवारा मवेशियों से बढ़ रहे हादसे, कार्रवाई की मांग..

हादसे ने सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी से होने वाली दुर्घटनाओं के मुद्दे को फिर से उजागर किया है। ग्रामीण इलाकों में आवारा मवेशी अक्सर सड़क हादसों का कारण बनते हैं, जिससे जान-माल का नुकसान होता है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## नपा ने जीते दोनों मैच, रात्रिकालीन विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***शहर के पालिटेक्निक मैदान इकलौता ऐसा मैदान है जो समतल व गोलाकार है। फिर ऐसे मैदान में दुधिया रोशनी में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित होते हैं,***

तो मैदान की रौनक में चार चांद लग जाते हैं। इस मैदान में खेलने की तमन्ना हर टीम की रहती है। यहाँ पर टेनिस बाल विभागीय टूर्नामेंट के मैच चालू है। सभी मैचों को रात्रि में ही सभी मैच 8-8 ओवर के खिलाए जा रहे हैं। आज 5 मई को 3 मैच रखें गये। पहला मैच 6 बजे से नगरपालिका का मुकाबला स्वास्थ्य विभाग से रहा। नगरपालिका ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। नगरपालिका की ओर से अनिकेत ने 26 बाल पर 5 चौके, 4 छक्के लगाते हुए 57 रन बनाए, देवेश ने 9 बाल में 1 छक्का लगाते हुए 10 रन बनाए, विशाल ने 6 बाल पर 2 छक्का लगाते हुए 15 रन बनाए। इस तरह नगरपालिका ने निर्धारित 8 ओवर में 3 विकेट पर 115 रन बनाए।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से गेंदबाजी करते हुए देवेन्द्र ने 2 ओवर में 21 रन देकर 1 विकेट लिए पीटर ने 2 ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट लिए बाकी कोई भी गेंदबाज सफल नहीं हो पाय। स्वास्थ्य टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए, आशु ने 12 बाल पर 2 चौके,1 छक्का लगाते हुए 17 रन बनाए, देवेन्द्र ने 10 बाल में 1 चौके 1 छक्का लगाते हुए 12 रन बनाए, आशुतोष ने 11 बाल पर 1 चौके 1 छक्का लगाते हुए 15 रन बनाए शेष कोई भी बल्लेबाज जम नहीं पाये इस तरह निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट पर 65 रन बना पाये नगरपालिका ने यह मैच 50 रनों से जीता।

दूसरा मैच जेल विभाग का मुकाबला ड्रीम 11 पुलिस से रहा। जेल विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट पर 76 रन बनाए, जेल विभाग की ओर से अरुण ने 21 बाल में 5 चौके, 1 छक्का लगाते हुए 37 रन बनाए, दीपक ने 15 बाल में 2 चौके लगाते हुए 12 रन बनाए, विकास ने 11 बाल में 1 चौके, 1 छक्का लगाते हुए 15 रन बनाए, शेष कोई भी बल्लेबाज जम नहीं पाये, ड्रीम 11 पुलिस की ओर से गेंदबाजी करते हुए ईश्वर ने 2 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए, पुरुषोत्तम ने 1 ओवर में 4 रन देकर 1 विकेट लिए । ड्रीम 11 पुलिस ने 3.5 बाल पर 2 विकेट पर 79 रन बनाए, ड्रीम 11 पुलिस की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ईश्वर ने 18 बाल में 8 चौके,4 छक्के लगाते हुए 59 रन बनाए, जेल विभाग की ओर से गेंदबाजी करते हुए अरुण ने 1.5 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए शेष कोई भी गेंदबाज को सफलता नहीं मिली, इस तरह से ड्रीम 11 पुलिस ने इस मैच को 8 विकेट से जीता।

तीसरा मैच बैंक इलेवन का मुकाबला फारेस्ट वारियर से रहा । बैंक इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 3 विकेट पर 108 रन बनाए, बैंक इलेवन की ओर से सुनील ने 15 बाल पर 4 चौके, 3 छक्के लगाते हुए 34 रन बनाए, रामेश्वर ने 15 बाल पर 1 चौके, 3 छक्के लगाते हुए 29 रन बनाए, रुपेन्द्र ने 7 बाल पर 2 छक्के लगाते हुए 14 रन बनाए, प्रशांत ने 10 बाल में 1 चौके, 3 छक्के लगाते हुए 28 रन बनाए। फारेस्ट वारियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए, नितेश ने 2 ओवर में 21 पर 2 विकेट लिए, भूपेन्द्र ने 1 ओवर में 12 पर 1 विकेट लिए। फारेस्ट वारियर ने बल्लेबाजी करते हुए, कोमल ने 26 बाल पर 5 चौके, 4 छक्के लगाते हुए 47 रन बनाए, अभिषेक ने नाट आउट रहते हुए 17 बाल पर 2 चौके 7 छक्के लगाते हुए 54 रन बनाए। फारेस्ट वारियर ने 7.1 ओवर में 1 विकेट पर 110 रन बनाए, बैंक इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए, राहुल गुप्ता ने 2 ओवर में 24 पर 1 विकेट लिए शेष कोई भी गेंदबाज सफल नहीं हो पाये। इस तरह से यह मैच 9 विकेट से जीता।

## चाकूबाजी की घटना पर इण्डासिवनी पुलिस की सख्त व त्वरित कार्यवाही

### दो अलग अलग स्थानो पर हुई चाकूबाजी की घटना के दो आरोपी पहुंचे जेल..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा व्दारा चाकूबाजो पर सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है। साथ जनता को भय मुक्त वातावरण हेतू प्रयत्नशील रहते है। सी.एस.पी. सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डुण्डासिवनी चैनसिंह उइके व्दारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी चाकूबाजी की घटना पर सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनांक 05/05/2026 को प्रार्थी पुन्नीलाल बरकडे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम दिनांक 05.05.26 को अपनी पत्नी बेटे के साथ खेत पर गया था शाम करीब 7/30 बजे रामप्रसाद बरकडे शराब के नशे मे शराब पिलाने की बात को लेकर वाद विवाद हुआ, जिसमें आरोपी प्रार्थी को पास रखे चाकू से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से हमला करने कि रिपोर्ट पर अपराध क्रंमाक 222/2026 धारा 109 बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया है। इसी क्रम दिनांक 05.05.26 को ज्ञानी मोहल्ला निवासी वरदान वरकडे ने रिपोर्ट लेख कराई कि दिलबाग पेट्रोल पंप के पास खड़े थे तभी अमन दीक्षित पास आकर पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर अपने पास रखे चाकू से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया कि रिपोर्ट पर अप. क्रंमाक 223/2026 धारा 109 (1), 296 (ए), 351 (2) का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। सूचना मिलते ही डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की गई एवं तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनो घटना के आरोपीयों को चंद घंटे मे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपीयों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार बरामद किया गया है। आरोपीयों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

**गिरफ्तार आरोपी-** अप.क्र.222/26 में (1) रामप्रसाद पिता दम्मूला बरकडे उम्र 52 साल निवासी छिडिया पलारी थाना डुण्डासिवनी जिला सिवनी। अप.क्र.223/26 में अमन पिता प्रमोद दीक्षित उम्र 19 साल निवासी केवटी वार्ड थाना कोतवाली जिला सिवनी। **सराहनीय कार्यः** निरीक्षक चैनसिंह उड़के के नेतृत्व मे सउनि संजय बघेल, बालकृष्ण त्रिगाम प्र.आर. संजू उइके, आर. कृष्मकुमार भालेकर, अखिलेश माहोरे, धनराज वरकडे, अनुराग दुबे, सीताराम जावरे, रवि धुर्वे, रामानंद चौरिया, मुकेश कटरे व अन्य थाना स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें.. हसीब मोहम्मद 7898530101

## उपायुक्त सहकारिता कार्यालय के आदेश के बाद 30 समितियों के गठन में बाधा बनी विभागीय अधिकारियों की लापरवाही..

### उपायुक्त कार्यालय के आदेश की अवेहलना कर किया जा रहा विलंब, निष्पक्ष जांच की मांग..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***30 नवीन बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के गठन पंजीयन का प्रावधान उपआयुक्त सहकारिता जिला सिवनी कार्यालय के द्वारा 25 जून 2025 को जारी किये गये आदेश का आज दिनांक तक विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा***

लापरवाही बरतते हुए पालन नहीं किया गया और आज भी नवीन बहुद्दशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का गठन लंबित है, जिससे ग्रामीण जनों को सहकारिता का लाभ सहीं ढग़ से नहीं मिल पा रहा है। किसान नेता हुकुमचंद सनोडिया द्वारा उक्त आदेश का पालन कर नवीन सहकारी समितियों का गठन किये जाने और लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में श्री सनोडिया ने बताया कि कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला सिवनी के आदेश क्र./उपसि/ पंजी./पुनर्गठन /2025/656 सिवनी दिनांक 25. 06. 2025 के माध्यम से सहकारी समितियों के पुनर्गठन/ पंजीयन संबंधी आदेश जारी किया गया था। उक्त आदेश के अंतर्गत सिवनी जिले में 30 नवीन बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के गठन/पंजीयन का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता को सुदृढ़ किया जा सके। उक्त आदेश के अनुपालन हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु अत्यंत खेद के है कि आज दिनांक उक्त आदेश का पालन पूर्णरूप से नहीं किया गया है। और निरंतर इसमें विलंब किया जा रहा है।

किसान नेता ने कहा कि विलंब का मुख्य कारण संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आदेश के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है। निर्धारित समय-सीमा का पालन नहीं किया गया है। प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत नहीं की गई है। विभागीय समन्वय के अभाव में कार्य लंबित रखा गया है। जानबूझकर टालमटोल एवं अनावश्यक विलंब किया गया है, जिससे शासन की मंशा प्रभावित हो रही है।

किसान नेता हुकुमचंद सनोडिया ने जिला कलेक्टर से ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया है कि प्रकरण की जांच कर विलब हेतु जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए और 30 नवीन समितियों के गठन/पंजीयन से संबंधित कार्यवाही को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाऐ।

## विधायक मुनमुन द्वारा खाटू श्याम मंदिर सिवनी के लिए दी तोरण द्वार एवं ओपन जिम की स्वीकृति..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

बीते 5 मई 2026 को श्याम परिवार समिति के सदस्यों ने सिवनी के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री दिनेश राय जी मुनमुन से भेंट की। समिति के अध्यक्ष श्री मनीष अग्रवाल द्वारा विधायक जी का श्रीफल एवं दुपट्टे से स्वागत किया गया साथ ही श्री संतोष अग्रवाल जी जिला महामंत्री भाजपा का स्वागत श्री संजय मोदी द्वारा किया गया मंदिर के निर्माण एवं विस्तार के विषय में विधायक जी को विस्तृत जानकारी दी गई जिसकी उन्होंने सराहना की। आगामी 15, 16, 17 जून को आयोजित होने वाले खाटू श्याम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में माननीय विधायक जी महोदय को आमंत्रित किया गया। माननीय विधायक जी द्वारा आमंत्रण स्वीकार करते हुए समस्त कार्यक्रमों में शामिल होने का आश्वासन दिया। साथ ही मंदिर के तोरणद्वार के लिए विधायक निधि से 10लाख रुपए की राशि एवं ओपन जिम देने की स्वीकृति प्रदान की एवं भविष्य में अन्य सहयोग का भी आश्वासन दिया। श्री सत्यनारायण अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, संजय मोदी, शैलेश अग्रवाल, सुनील ठाकुर, कान्हा अग्रवाल जितेंद्र गोयल, गंगाधर पाराशर, शुभम ठाकुर, रितेश खेमुका आदि सभी सदस्य उपस्थित हुए समिति के द्वारा हृदय से विधायक जी का आभार व्यक्त किया।

## वनरक्षक, परिक्षेत्र घंसौर श्री गीत कुमार भलावी के संबंध में सूचना..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

वन मंडल अधिकारी उत्तर सिवनी द्वारा वनरक्षक, परिक्षेत्र घंसौर श्री गीत कुमार भलावी, निवासी ग्राम पिण्डरई, पो. गोहना, तहसील छपारा, मो.नं. 8959363524, दिनांक 23.07.2025 से बिना किसी पूर्व सूचना अथवा बिना अनुमति के निरंतर शासकीय कार्य से अनुपस्थित हैं। उक्त वनरक्षक द्वारा अनुपस्थिति के संबंध में विभाग को किसी प्रकार की सूचना प्रस्तुत नहीं की गई है, जो कि शासकीय सेवा नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने श्री भलावी को इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित करते हुए इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर घंसौर परिक्षेत्र में अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। निर्धारित अवधि में उपस्थित न होने की स्थिति में उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में विधायक अनुभा मुंजारे की कांग्रेस को दो टूक, बोली तो मुझे फैसला करना पड़ेगा..

## क्या कांग्रेस को ब्लैकमेल कर रही विधायक, सम्राट भी बोले मैं तीन साल का कांग्रेसी नहीं खानदानी कांग्रेसी हूं.. जिला पंचायत अध्यक्ष और विधायक के बीच हुई जमकर हॉट टॉक..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर मुख्यालय में सर्किट हाऊस में आज 06 मई को जिला कांग्रेस कमेटी की समन्वय समिति की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के विभिन्न पहलुओं जिसमें जिला/ब्लाक कमेटी का गठन, मंडलम कमेटी का गठन, बी एल ए -2 के गठन, जिले में समन्वय समिति के अन्तर्गत अनुशासन समिति का गठन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राप्त दिशा निर्देशो के पालन की स्थिति तथा जिले में प्रकोष्ठ/ विभाग के रिक्त पदों आदि के संदर्भ में चर्चा रखी गई थी, लेकिन***



जानकारी के अनुसार इन विषयों पर चर्चा होना शुरु ही थी कि कांग्रेस की बैठक में विषय का विषयांतर हो गया और बैठक में विधायक अनुभा मुंजारे के आते ही बैठक हॉट टॉक में बदल गई, जहां विधायक अनुभा मुंजारे गुस्से और आक्रोश में भरकर जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार को खरी खोटी सुनाने लगी, और माहौल उग्र हो गया। राजनीतिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में विधायक अनुभा मुंजारे निश्चित समय से लगभग दो घंटा लेट पहुंची। जैसे ही अनुभा मुंजारे पहुंची, अनुभा मुंजारे सभी वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सम्राट सरसवार पर बरस पड़ी। बोली कि सम्राट तुमको हीना ने जिला पंचायत अध्यक्ष बनाई और तुमने लोकसभा में उसी की टिकट कटवा दी, तब सम्राट ने कहा कि यह बात जो आप कह रही है वो तो मैं भी कहता हूं कि मुझे जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने का काम हीना ने की। वहीं सम्राट और कुछ कहने को हुए तो अनुभा मुंजारे बोल पड़ी कि मेरे खिलाफ भी कांग्रेस में षडयंत्र किया जा रहा है, और सोशल मीडिया में लिखा जा रहा है, यदि ऐसा ही चलता रहा तो फिर मैं कड़ा निर्णय ले लूंगी। विधायक आक्रोश में यह भी कह बैठी की मैं कांग्रेस की वजह से नहीं बल्कि अपने पति की वजह से बालाघाट की विधायक बनी हूं। इतना कहने के साथ ही अनुभा मुंजारे सम्राट सरसवार की ओर रुख करते हुए बोली कि सम्राट सरसवार आप मेरे खिलाफ साजिश कर रहे हो, और हमारी बातों को अनसुना कर देते हो। जानकारी के अनुसार जब अनुभा मुंजारे इस तरह से जिला पंचायत अध्यक्ष पर हमलावर हुई, तो सम्राट सरसवार ने भी कहा कि मैं नीतिगत और नीतिपूर्ण काम ही करुंगा। आपके कह देने से मात्र मैं किसान कांग्रेस के नेता मुनेन्द्र ठाकरे को नहीं हटवा दूंगा, जिससे कि विधायक और आक्रोशित हो गई। राजनीतिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में लालबर्रा में किसान कांग्रेस के मुनेन्द्र ठाकरे को अनुभा मुंजारे के विधायक प्रतिनिधि ने शिकायत वापस लेने की धमकीयां दे डाली थी, और गंदी गंदी गालियां भी दी थी। इस मामले में मुनेन्द्र ठाकरे को अपना विरोधी बताते हुए अनुभा मुंजारे ने किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भुरु पटेल को मुनेन्द्र ठाकरे को हटाने कहा था, लेकिन जब भुरु पटेल ने मुनेन्द्र ठाकरे को नहीं हटाया, तो इस बात से गुस्साई अनुभा मुंजारे ने इस बात को लेकर सम्राट सरसवार को घेरा। जानकारी के अनुसार विगत दिनों सरपंच अनिश खान की अभ्रदता पर जिला पंचायत से बतौर विधायक प्रतिनिधि उसे प्रतिबंधित करने का फैसला किया गया, तथा इसका एक पत्र भी जिला पंचायत सीईओ के माध्यम से विधायक को प्रेषित किया गया था, जिस पर विधायक आगबबूला दिखाई दी, और विधायक ने सीधे तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार के सामने यह धमकी दे डाली कि ऐसे में मुझे सोचना पड़ेगा और कड़ा निर्णय लेना पड़ेगा। जिस पर सम्राट सरसवार ने कहा कि तुम्हारे लोग जबरन वसूली करेंगे, तो मैं क्या करुंगा। और वो जो अमोली वाला रोड है, उसकी जब मेरे पास लोग शिकायत लेकर आएंगे तो जांच करने के लिये तो उसमें जांच करने के लिये अनुशंसित करना मेरे काम है, वो तो मुझे करना ही पडेगा। और आपने उसमें कुछ गलत नहीं किये हो तो फिर क्यों डर रहे हो। इस पर फिर विधायक भड़क गई। जानकारी के अनुसार विधायक तू तड़ाक पर उतर गई और सम्राट सरसवार से चिल्ला चिल्ला कर कहा कि तू चुप रह। तु चुप रह।

जानकारी के अनुसार विधायक अनुभा मुंजारे ने भुरु पटेल और मुकेश माहुले के संदर्भ में अहसान जताने की बात कही, जिस पर दोनों ने भी विधायक को सीधे दो टुक जवाब दिये, जबकि वहीं विधायक की अप्रत्यक्ष रुप से कड़ा निर्णय लेकर कांग्रेस छोड़ने जैसी धमकी दी गई तो जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार ने भी दो टुक जवाब दे दिया कि मैं कोई तीन साल का कांग्रेसी नहीं हूं। मैं खानदानी कांग्रेसी हूं, और कांग्रेस संगठन में कैसे काम करना है, मेरे संस्कारों ने बहुत कुछ सिखाया है। हांलांकि इस गरमा गरमी के बीच जिला कांग्रेस अध्यक्ष और अन्य सभी पदाधिकारी मौन रहे, और उन्होंने अन्य विषयों पर बात करने की बात कही। जिलाअध्यक्ष और विधायक संजय उईके ने फिर मुनेन्द्र ठाकरे को विधायक के कहने पर पद से हटाने का आदेश दिया, और संगठनात्मक विषयों पर जोर देने कहा, जिसके बाद फिर विषयों को आगे बढ़ाया गया, ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है।

### क्या विधायक अनुभा मुंजारे ने दी कांग्रेस छोड़ने की धमकी..

गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व ही विधायक अनुभा मुंजारे ने बालाघाट में कांग्रेस संगठन में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान अपने निवास पर किया था, जबकि वहीं राजनीतिक चर्चाओं में विधायक अनुभा मुंजारे के भाजपा नेताओं और मुख्यमंत्री से मिलने तथा विरोध की राजनीति से दूरी बनाने की बजाए सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ समन्वय की स्थिति बनाने की खबरें चर्चाओं में बनी रहती है, तथा यह दावे किये जाते हैं कि आने वाले समय में विधायक अनुभा मुंजारे की भाजपा में जाने की ईच्छाएं हैं, तथा उनकी ओर से इस दिशा में प्रयास किये जाने की चर्चाएं जनचर्चाओं में होती है, वहीं इस तरह की चर्चाओं के दरम्यान ही विधायक का कांग्रेस की बैठक में दो टूक यह कह देना की मुझे निर्णय लेना पड़ेगा, कांग्रेस संगठन से उनके द्वारा किनारा किये जाने की संभावनाओं को बल प्रदान करता दिखाई देता है, तथा जब मुझे कड़ा निर्णय लेना पड़ेगा यह शब्द विधायक ने कह ही डाले तो अनेक कांग्रेसियों को विधायक का यह कहना ऐसा प्रतीत हुआ मानो कि विधायक अनुभा मुंजारे कांग्रेस को ब्लैकमेल कर रही है, और यह कहना कि मैं अपने पति के कारण विधायक बनी हूं, कांग्रेसियों को अपमानित भी कर रही है। विधायक अनुभा मुंजारे के इस कथन को लेकर कांग्रेस संगठन में तरह तरह की चर्चाएं सुनाई दे रही है, लेकिन कोई नेता खुलकर कुछ कहने को तैयार नहीं हुआ। सभी ने कहा कि संगठन के अंदर की बात है, जबकि बैठक में मौजूद कुछ कांग्रेसियों ने जो हुआ उसकी पुष्टि तो कर दी, लेकिन अपना नाम सामने नहीं लाने का निवेदन भी किया।

### क्या एक के एक एक गलतियां नही कर रही विधायक..

गौरतलब है कि बालाघाट की विधायक अनुभा मुंजारे ने लोकसभा, विधानसभा मिलाकर लगभग 10 -15 चुनाव लड़े, लेकिन कभी विधायक नहीं बन पाई। लिखिराम कावरे के खिलाफ किरनापुर से लेकर बालाघाट विधानसभा तक हर चुनाव में अनुभा मुंजारे उम्मीदवार रही, लेकिन कभी चुनाव नहीं जीत पाई। जबकि अनुभा मुंजारे को फिर यूवा नेत्री विधायक हीना कावरे के प्रयासों से कांग्रेस में प्रवेश भी मिला, टिकिट भी मिली और कांग्रेस संगठन ने अनुभा के चुनाव में खर्च भी किया तो वहीं अनुभा मुंजारे फिर पहली बार विधायक भी बनी। विधायक बनने के बाद अनेक कांग्रेस नेताओं को यह शिकायह रही कि अपने पुराने साथीयों को ही तवज्जो देने का कार्य अनुभा मुंजारे ने किया, तथा कांग्रेस के जांबांज साथियों को लगातार दरकिनार करने का काम किया। अनुभा मुंजारे से एक तरफ जमीनी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की नाराजगी, तो वहीं दूसरी तरफ स्वयं अनुभा मुंजारे पर रिश्वत मांगने के डीएफओ के खुले आरोप और उसके बाद उनके निज सहायक और बनाए गए विधायक प्रतिनिधियों पर भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी और वसूली के आरोपों के कारण अनुभा मुंजारे की छबी धुमित हुई है, तथा इस स्थिति में आगामी चुनाव में हार की संभावनाओं के भय से क्या विधायक भाजपा में जाने के उतावलनेपन और प्रयास में कांग्रेस को धमकी दे रही है, या फिर विधायक राजनीतिक परिपक्वता के अभाव में एक के बाद एक गलतियां कर रही है, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं कहा जा सकता। लेकिन जो भी चल रहा है उसे अनुकुलता में बदलने के प्रयास अवश्य विधायक को करने चाहियें, ऐसा कहा जा सकता है। बहरहाल भविष्य में विधायक अनुभा मुंजारे किस तरह से बिगड़ती परिस्थितियों को संभालेंगी, और राजनीतिक चर्चाओं के बीच उनका अगला राजनीतिक कदम क्या होगा, देखने वाली बात होगी।

# बालाघाट पुलिस ने बैटरी चोर गिरोह को धर दबोचा

### दो नाबालिग संहित एक आरोपी को लाखों की बैटरी के साथ पकड़ा..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में लगातार हो रही ट्रैक्टर एवं डंपर वाहनों की बैटरी चोरी की घटनाओं पर आखिरकार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए थाना ग्रामीण (नवेगांव), लालबर्रा एवं वारासिवनी क्षेत्र में सक्रिय बैटरी चोर गिरोह का पर्दाफाश करते***

हुए एक आरोपी और दो नाबालिग बालकों को धर दबोचा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय घरों के बाहर एवं खुले स्थानों पर खड़े ट्रैक्टर एवं डंपर वाहनों को निशाना बनाते थे। गिरोह पहले दिन में गांवों की रेकी करते थे और देर रात मौके पर पहुंचकर बैटरियां व डावर पत्ते चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद माल को सुनसान स्थानों पर छिपा दिया जाता था। पुलिस ने इस मामले में निलेश खरोटे पिता सुनील खरोटे (22 वर्ष), निवासी ग्राम बेहरई, थाना लालबर्रा को गिरफ्तार किया है।

### आरोपियो ने स्वीकार की कई चोरियां..

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने ग्रामीण, लालबर्रा और वारासिवनी क्षेत्रों में कई स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने कुल 12 बैटरियां, 6 डावर पत्ते और एक सफेद रंग का टाटा वाहन जब्त किया है। जब्त सामग्री की वाहन संहित कुल कीमत लगभग 7,12,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह मुख्य रूप से एक्साइड और अमरॉन कंपनी की बैटरियों को निशाना बनाता था। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरी की गई बैटरियों की बरामदगी की गई है, जिनकी कीमत हजारों से लेकर लाखों रुपये तक है। पुलिस ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई की। संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें पूरे गिरोह का खुलासा हुआ।

### पुलिस की अपील..

पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से जिले के अन्य क्षेत्रों में हुई बैटरी चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि इस गिरोह का नेटवर्क और भी व्यापक हो सकता है।

पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर रखें और रात में खुले में खड़ा न छोड़ें। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। इस कार्रवाई से क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

# लिंगा में उच्च स्तरीय पुल निर्माण स्थल का एसडीएम ने किया निरीक्षण..

### अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जिले के विकासखंड बालाघाट अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नवेगांव से देवगांव मार्ग पर ग्राम लिंगा में निर्माणाधीन उच्चस्तरीय पुल के कार्य का आज 06 मई को एसडीएम श्री गोपाल सोनी द्वारा निरीक्षण किया गया। पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड का कार्य प्रगति पर है, जहां घनी आबादी वाले क्षेत्र में कुछ स्थानों पर अतिक्रमण की स्थिति सामने आई है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री सोनी ने संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए समझाइश दी। उन्होंने कहा कि यह कार्य शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय आवागमन सुगम होगा और विकास को गति मिलेगी। इसलिए सभी ग्रामीण सहयोग करें, ताकि निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की महाप्रबंधक माया मनीष परते, उपयंत्री श्री रामनरेश यादव, पटवारी ग्राम लिंगा, ग्राम पंचायत के पंच भोलानाथ वामनकर, पूर्व सरपंच तुलसीराम कावरे, सहायक सचिव नरेश छिपकर सहित शांतिलाल दोनकर, आरिफ कुरेशी, सुका जी कावरे, आकाश शुक्ला, संतोष बढ़ई एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जबलपुर के बरगी डैम हादसे में मृतकों को बालाघाट मे यूथ कांग्रेस ने दी श्रद्धांजली

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर में आज यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शिवम विश्वकर्मा के नेतृत्व में बालाघाट स्थित हनुमान चौक में गांधी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान जबलपुर***




के बरगी डैम में हुए दर्दनाक हादसे में 9 लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित यूथ कांग्रेस के सभी साथियों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। जिला अध्यक्ष शिवम विश्वकर्मा ने ने इस घटना के लिए शासन और प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की। सरकार और प्रशासन की लापरवाही से दिवंगत परिवार की क्षति की भरपाई हेतु प्रत्येक परिवार को 25-25 लाख एवं एक सरकारी नौकरी देने की अपील सरकार से की गई। सभा के अंत में सभी ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए ओम शांति ओम शांति, ओम शांति का उच्चारण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सौरभ सिंह चौहान (परसवाड़ा विधानसभा), नितिन शिवहरे (विधानसभा अध्यक्ष बालाघाट), कैलाश नागपुरे जिला महासचिव, शाहबाज खान विधानसभा उपाध्यक्ष, चंद्रेश दशहरे, लिखीराम कावरे, साबिर वारसी, शशांक पाँचभावे, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक मेश्राम, नितिन बम्बुरे, सानू विश्वकर्मा, सुशील यादव सहित अन्य साथी उपस्थित हुए।

# एनसीसी का 95 वां संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

6 म.प्र. बटालियन एनसीसी बालाघाट के तत्वावधान में दस दिवसीय 95वां संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बुधवार को हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर कैम्प कमाण्डेन्ट लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए एकता और अनुशासन के सिद्धांतों का पालन करने का संदेश दिया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी कैडेट्स को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य निर्माण के लिए निरंतर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि एनसीसी प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें जिम्मेदार व राष्ट्रभक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। कैम्प कमाण्डेन्ट ने आगे कहा कि शिविर के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कैडेट्स को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, उत्तम चरित्र एवं मानवीय मूल्यों के साथ कार्य करना चाहिए। उद्घाटन सत्र के बाद कैडेट्स को ड्रिल अभ्यास कराया गया तथा फायरिंग में भाग लेने वाले कैडेट्स को प्रारंभिक शस्त्र संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही संगीत में रुचि रखने वाले कैडेट्स के लिए गिटार प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई और नियमित एनसीसी कक्षाओं का संचालन भी किया गया। शिविर में एनसीसी अधिकारी कल्पना थोंबरे एवं नवीता मैथ्यु के साथ हवलदार किरण कुमार और हवलदार रामदेव भी सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह शिविर आगामी दिनों में विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों के माध्यम से कैडेट्स के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगा।

# 09 मई को बालाघाट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिले में आगामी 09 मई 2026 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ सादे एवं गरिमामय समारोह में किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे जिला न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट में होगा। इस दौरान न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहेंगे। लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सहमति से त्वरित निराकरण किया जाएगा, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत होगी और पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिल सकेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधिक से अधिक नागरिकों से इस लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की गई है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391



## दूल्हा बना, जिम्मेदारियां संभाली.. फिर भी समाज को संदेश देना नहीं भूला अक्षय सपाटे..

हितेश अजीत, जगप्रेरणा बालाघाट।

***शादी-विवाह जैसे आयोजनों को आमतौर पर खुशियों और उत्सव का प्रतीक माना जाता है, लेकिन बालाघाट के अक्षय सपाटे ने अपने विवाह समारोह को सामाजिक जागरूकता का माध्यम बनाकर एक मिसाल पेश की।***







दूल्हे की भूमिका निभाते हुए जहां वे अपने जीवन की नई शुरुआत कर रहे थे, वहीं समाज को संवेदनशील संदेश देना भी नहीं भूले।

समारोह स्थल पर लगाए गए प्रेरणादायक फ्लैक्स ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इनमें भावनात्मक और सोचने पर मजबूर कर देने वाले संदेश लिखे थे, जिनमें एक तस्वीर विशेष रूप से लोगों को भावुक कर गई। तस्वीर में एक माँ और बच्चे के बीच अटूट रिश्ते को दर्शाते हुए संदेश दिया गया था– ÷कहते हैं मौत सबको अलग कर देती हैज आज एक मां ने ये बात गलत साबित कर दी।÷ यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के दिलों को छू गया।

इसके अलावा ÷बेटी है तो कल है÷, ÷माँ-बाप की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं÷ और ÷हर बूंद की है कीमत÷ जैसे संदेशों ने समाज को जागरूक करने का काम किया। यह पहल सिर्फ दिखावा नहीं, बल्कि एक गंभीर सोच का परिणाम थी।

सबसे खास बात यह रही कि पूरे आयोजन की जिम्मेदारी खुद अक्षय सपाटे ने संभाली। मेहमानों की व्यवस्था, भोजन, बारात और अन्य तैयारियों के बीच उन्होंने इन संदेशों को तैयार करवाकर कार्यक्रम स्थल पर लगवाया। उनका उद्देश्य स्पष्ट था–समारोह में आए लोगों तक सकारात्मक संदेश पहुंचे और समाज में बदलाव की शुरुआत हो।

कार्यक्रम में शामिल मेहमानों ने इस पहल की सराहना की। कई लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। एक अतिथि ने कहा कि आज के दौर में जहां शादियां दिखावे तक सीमित हो गई हैं, वहीं यह पहल वास्तव में प्रेरणादायक है। अक्षय सपाटे का मानना है कि सच्ची खुशी तभी मिलती है जब हम अपने साथ-साथ समाज के लिए भी कुछ करें।

## कार्यालय तहसील विधिक सेवा समिति सिविल न्यायालय बैहर में दिनांक 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

जगप्रेरणा बैहर।

***मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान प्राणेश कुमार प्राण व श्रीमान सुरेंद्र सिंह गुर्जर अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बैहर के मार्गदर्शन में दिनांक 09 मई 2026***






शनिवार को जिला न्यायालय बालाघाट एवं अधीनस्थ तहसील न्यायालय बैहर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरण जैसे आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण दीवानी मामले राजस्व मामले आदि व प्री लिटिगेशन प्रकरण जैसे बैंकों के ऋण प्रकरण, विद्युत विभाग के ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुए हैं, विद्युत एवं जलकर संपत्ति कर संबंधी प्रकरण जलकर, संपत्ति कर, आदि से संबंधित प्रकरण, राजस्व मामले आदि। नगर पालिका, नगर पंचायतों के प्रकरणों में आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के प्रकरणों के निराकरण पर भी एकमुश्त भुगतान पर अधिभार की राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है आपसी राजीनामा से प्रकरणों के निराकरण कराकर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाये।

अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर या राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 15100 पर निशुल्क कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में सिविल न्यायालय परिसर बैहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैहर एवं आयुष विभाग के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है जिसमें न्यायालय में आने वाले पक्षकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना है तथा दवाईयों का भी वितरण किया जाना है।

### परिक्रमा के दौरान गुजरात में संगठन का हुआ विस्तार

## अंकलेश्वर के महंत श्री श्री 1008 श्री गंगा दास बने अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक..





जगप्रेरणा बैहर।

***अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज के नेतृत्व में पदाधिकारियों के 1 मई 2026 अमरकंटक से मां नर्मदा परिक्रमा किया जा रहा है। जो छटवे दिन गुजरात के***

अंकलेश्वर पहुंच कर महंत श्री श्री1008 श्री गंगा दास महंत से उनके आश्रम में भेट संगठन की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच का अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक, नर्मदा जिला अध्यक्ष के पद पर महंत श्री श्री 1008 श्री वीर पुरुष दास, महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के आव्हाड सुखदेव को जिलाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश के खण्डवा जिलाध्यक्ष के पद पर लोकेंद्र सिंह को नियुक्ति पत्र प्रदान किया है।

स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने देश वासियों को संदेश देते हुवे कहा कि ये परिक्रमा , परिक्रमा नही बल्कि ये तपस्या है, साधना है, ये श्रद्धा है, ये विश्वास है और मां रेवा के प्रति आस्था है। आपने सभी देशवासियों से अपील की है कि मां के जल को स्वक्ष रखें। किसी भी प्रकार की कोई गंदगी ना फैलाए। और मां नर्मदा में स्नान करने जब भी जाते है तो जल को स्वक्ष बनाने के लिए थोड़ा सा काला नमक और फिटकरी लेकर जरूर जाएं और उसे जल में प्रवाहित करें जिससे जल की स्वक्षता बनी रहे।

परिक्रमा में अमरकंटक से स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज के साथ वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार श्याम सूर्यवंशी, शहडोल संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, राष्ट्रीय महामंत्री पण्डित निरंजन शर्मा, जिलाध्यक्ष मेहत लाल कटरे, आदि शक्ति सेना की ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती मंजू यूईके, गणेश पांडे एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा संबंधी योजनाओं की समीक्षा कर

## कलेक्टर मृणाल मीना ने नामांकन का लक्ष्य एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के दिये निर्देश

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 06 मई को जिले के सभी विकासखंड के बीआरसी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर शिक्षा संबंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।***



बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन भी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के संबंध में बताया गया कि जिले के 30 हजार 500 असाक्षर लोगो को साक्षर बनाने के लिए 14 अप्रैल 2026 को मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में 26 हजार 696 असाक्षर शामिल हुए थे। इनमें से 25 हजार 880 की ऑनलाईन एंट्री कर ली गई है। असाक्षरों को साक्षर करने के लिए जिले में 04 हजार वालियंटियर द्वारा सेवा दी जा रही है। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में निर्देशित किया कि असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए वालियंटियर्स के कार्य पर निगरानी रखे और उन्हें शासन द्वारा उपलब्ध करायी गई पुस्तके प्रदाय करें।

वर्ष 2026-27 में कक्षा 01 से 08 तक दर्ज विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी बीआरसी एवं बीईओ को सख्त निर्देश दिये कि सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण के साथ ही उसकी ऑनलाईन एंट्री अनिवार्य रूप से की जाए। विकासखंड बिरसा, कटंगी, लालबर्रा, परसवाडा एवं वारासिवनी में पाठ्यपुस्तक वितरण में कम प्रगति पाये जाने पर इसमें शीघ्रता से सुधार करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने कक्षा 01 से 04 के बच्चों के एफएलएन सर्वे के लिए बच्चों को अभ्यास पुस्तिका उपलब्ध कराने और बच्चों का शैक्षणिक स्तर बेहतर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पिछले एफएलएन सर्वे में जिले की स्थिति संतोषजनक नही पायी गई है। कुछ शालाओं में बच्चों का गिनती एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान बहुत कमजोर पाया गया है अतः जिले की सभी शालाओं में एफएलएन सर्वे पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन शालाओं में बच्चों का शैक्षणिक स्तर कमजोर पाया गया वहां के शिक्षकों का कार्यवाही का प्रस्ताव जिला कार्यालय को भेजे।

### नामांकन में धीमी प्रगति पर सख्ती..

बैठक में कक्षा 01 से 08 एवं कक्षा 09 से 12 तक छात्र छात्राओं के नामांकन की समीक्षा की गई। जिसमें पाया गया कि विकासखंड खैरलांजी, बैहर, वारासिवनी, बिरसा की प्रगति संतोषजनक नही पायी गई। कक्षा 09 से 12 में छात्र छात्राओं का पंजीयन 102 प्रतिशत होना बताया गया। कलेक्टर श्री मीना ने सभी बीआरसी को सख्त निर्देश दिये कि एक सप्ताह के भीतर सभी शालाओं में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन पूर्ण हो जाना चाहिए। जिस विकासखंड में नामांकन का लक्ष्य पूर्ण नही होगा वहॉ के बीआरसी एवं बीईओ के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक मे सभी बीआरसी एवं बीईओ को निर्देशित किया गया कि छात्र छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण करने के साथ ही उसकी पोर्टल पर एंट्री की जाए। विकासखंड परसवाडा में 362 साईकिलों का वितरण किया जा चुका है, लेकिन उसकी पोर्टल पर एंट्री नही की गई है।

### जीर्ण-शीर्ण शाला भवनों का वर्षा के पहले कर लें सुधार कार्य..

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि उनके क्षेत्र में यदि कोई शाला भवन जीर्णशीर्ण है या उसमें मरम्मत या सुधार कार्य कराया जाना है तो इसके लिए राशि की मांग कर ले। जिला प्रशासन डीएमएफ या अन्य मद से इस कार्य के लिए राशि उपलब्ध करायेगा। जो कार्य स्थानीय स्तर पर ग्राम पंचायत से कराये जा सकते है उन्हें सरपंच सचिव से समन्वय कर करा लिया जाए। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में मरम्मत के लिए शासन से राशि उपलब्ध करायी जा रही है। वर्षा के दिनों में जिले में कही से भी शाला भवन में पानी टपकने या उसके टूटे-फूटे होने की शिकायत प्राप्त होगी तो इसे संबंधित बीआरसी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी माना जाएगा, और उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री मीना ने शालाओं में बने खेल मैदानों का निरीक्षण कर उनके गुणवत्ता परीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्रवृत्ति एवं सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के पेंशन प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में कहा कि जिले की शालाओं में शौचालयों की व्यवस्था की जा चुकी है। संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षक शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे इसके लिए वॉश ऑन व्हील की सेवाओं का उपयोग किया जाए।

## एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) से रोशनी लिल्हारे को मिली नई पहचान, बनीं आत्मनिर्भर 'लखपति दीदी'..

जगप्रेरणा बालाघाट।





मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग) के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। विकासखंड बालाघाट के ग्राम नैतरा की श्रीमती रोशनी लिल्हारे ने एकीकृत कृषि क्लस्टर (ढ्ढस्नष्ट) से जुड़कर अपने जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाया है और आज वे 'लखपति दीदी' के रूप में पहचानी जा रही हैं। रोशनी लिल्हारे का जीवन पहले सामान्य ग्रामीण परिवार की तरह सीमित संसाधनों में गुजर रहा था। उनकी व्यक्तिगत मासिक आय लगभग 05 हजार रुपये तथा परिवार की कुल आय लगभग 12 हजार रुपये थी। कृषि एवं अन्य छोटे कार्यों पर निर्भर रहने के कारण आय स्थिर नहीं थी और आर्थिक चुनौतियां बनी रहती थीं। 12 दिसंबर 2017 को रोशनी लिल्हारे ÷कामना महिला आजीविका स्व-सहायता समूह÷ से जुड़ीं। समूह के माध्यम से उन्हें बचत, ऋण एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी मिली। उनकी सक्रियता के चलते उन्हें उत्पादक समूह में अध्यक्ष का दायित्व भी सौंपा गया।

आजीविका मिशन के सहयोग से रोशनी लिल्हारे को सीआईएफके माध्यम से 50 हजार रुपये एवं सीसीएल के अंतर्गत 02 लाख 50 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस सहायता से उन्होंने सब्जी उत्पादन, पशुपालन और मुर्गीपालन जैसी गतिविधियां शुरू कीं। उन्होंने जैविक खेती (रसायन रहित खेती) को अपनाकर न केवल अपनी उपज की गुणवत्ता बढ़ाई, बल्कि गांव के अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित किया। ढ्ढस्नष्ट के माध्यम से लोकल ग्रुप (रुत्र) एवं उत्पादक समूह (क्कत्र) का गठन कर किसानों को उचित बाजार मूल्य दिलाने का प्रयास भी किया गया।



आज रोशनी लिल्हारे की मासिक आय सब्जी उत्पादन से 07 हजार रुपए, पशुपालन से 12 हजार रुपए, मुर्गीपालन से 04 हजार रुपए है। इस प्रकार उसकी कुल मासिक आय 23 हजार रुपए तक पहुंच गई है, जबकि परिवार की कुल आय बढ़कर 30 हजार रुपए प्रतिमाह हो गई है। आर्थिक मजबूती के साथ रोशनी लिल्हारे का आत्मविश्वास भी बढ़ा है। वे अब गांव में एक सशक्त महिला के रूप में जानी जाती हैं और अन्य महिलाओं को भी जैविक खेती एवं आजीविका गतिविधियों से जोडने का कार्य कर रही हैं। रोशनी लिल्हारे ने बताया कि ढ्ढस्नष्ट परियोजना के तहत उन्हें समय-समय पर प्रशिक्षण एवं तकनीकी जानकारी दी गई, जिससे उन्हें अपने कार्य को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में मदद मिली। आज वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी जागरूक कर रही हैं। रोशनी लिल्हारे की यह सफलता कहानी यह साबित करती है कि सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनकर समाज में नई पहचान बना सकती हैं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित..

### 25 जुलाई को बालाघाट से मथुरा-वृंदावन के लिए रवाना होगी विशेष ट्रेन

### बालाघाट जिले के 191 वृद्धजन को तीर्थ यात्रा कराने का लक्ष्य

### मथुरा-वृंदावन तीर्थ दर्शन के लिए 11 मई से होंगी आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ नागरिक जिनमें 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के व्यक्ति शामिल हो (महिलाओ को 02 वर्ष की छूट) तथा जो आयकर दाता नही हो को प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न तीर्थ स्थानों में से एक या युग्म तीर्थों की यात्रा सुलभ कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत आगामी 25 जुलाई को बालाघाट से मथुरा-वृंदावन तीर्थ यात्रा के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी। इसमें बालाघाट जिले के 191 तीर्थ यात्री शामिल होंगे।

मथुरा-वृंदावन तीर्थ दर्शन यात्रा पर जाने के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है। आवेदन पत्र आगामी 11 मई से तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय एवं नगर पालिका कार्यालय में प्राप्त किये जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 जुलाई 2026 निर्धारित है।

बालाघाट रेलवे स्टेशन से 25 जुलाई को विशेष ट्रेन मथुरा-वृंदावन तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होगी। इस ट्रेन में मण्डला जिले के 196, जबलपुर जिले के 196 एवं कटनी जिले के 196 तीर्थ यात्री शामिल होंगे। मण्डला जिले के तीर्थ यात्री नैनपुर से इस ट्रेन में सवार होंगे। यह ट्रेन मथुरा-वृंदावन तीर्थ यात्रा के बाद 28 जुलाई को वापस बालाघाट पहुँचेगी।

तीर्थ यात्रा के दौरान यात्रियों को ठहरने एवं भोजन आदि की व्यवस्था शासन की ओर से की जाएगी। यात्रा प्रारंभ होने वाले स्थान तक यात्रियो को स्वयं के साधन एवं खर्चे से आना होगा। जिले के वरिष्ठ नागरिको से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि तक आवेदन कर ले। चूंकि इस योजना के तहत तीर्थ दर्शन के लिए 191 सीट निर्धारित है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नही किये जा सकेंगे।







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

# जनगणना - 2027 के लिए जिले में घर - घर जाकर किया जा रहा है मकान सूचीकरण कार्य

## आमजन से जनगणना कार्य में सहयोग करने की कलेक्टर ने की अपील

## प्रगणक को सही और सटीक जानकारी दें

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जनगणना-2027 के अंतर्गत बालाघाट जिले में 01 मई से प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मकान सूचीकरण का कार्य 30 मई तक चलेगा। इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल तरीके से की जा रही है और यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।***







इसमें मकान सूचीकरण का कार्य पेपर फॉर्म के बजाय मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए डेटा फीड करने का कार्य कर रहे हैं, जिससे जानकारी सटीक रहेगी और गणना कार्य में तेजी आएगी।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले की जनता से अपील की है कि जनगणना-2027 के लिए जब प्रगणक आपके घर आएं, तो उन्हें निर्भीक होकर सही और सटीक जानकारी दें और इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जनगणना एक महत्वपूर्ण कार्य है और देश के लिए विकास योजनाओं को तैयार करने में इसका बहुत बड़ा योगदान होता है। इसलिए सभी लोग अपने घर जनगणना के लिए आने वाले प्रगणकों को सहयोग प्रदान करें, जिससे जिले में जनगणना कार्य सुगमता से और समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। सभी प्रगणकों के पास आधिकारिक पहचान पत्र दिया गया है, जिसे नागरिक अपनी संतुष्टि के लिए देख सकते हैं और संतुष्ट हो सकते हैं कि वे सही व्यक्ति को अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दे रहे हैं।

### प्रगणकों द्वारा जनगणना में क्या पूछा जायेगा

जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य में शासन की ओर से अधिकारीगण आपके घरों पर उपस्थित हो कर कुछ सामान्य जानकारियां प्राप्त करेंगें।

जैसे कि आपका मकान कैसा है, परिवार में कितने सदस्य हैं, परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, शौचालय/बाथरूम, गैस कनेक्शन, रेडियो/टीवी, कैबल कनेक्शन, साईकिल/मोटर साईकिल/कार, खाया जाने वाला मुख्य अन्न, आपका मोबाईल नम्बर आदि जानकारी ली जायेगी। इस प्रकार कुल 33 प्रश्न जनगणना के मकान सूचीकरण कार्य के दौरान पूछे जायेंगें।

### क्या नहीं पूछा जायेगा

जिले में 30 मई तक किये जाने वाले जनगणना-2027 के मकान सूचीकरण कार्य में आधार कार्ड नम्बर, पैन कार्ड नम्बर, बैंक की जानकारी तथा किसी भी प्रकार का ओ.टी.पी. नहीं मांगा जायेगा। अतः आमजन जानकारी देते समय अत्यधिक सावधानी बरते तथा आने वाले अधिकारी का पहचान पत्र जरूर चैक करें। बालाघाट जिले में जनगणना-2027 के व्यवस्थित संचालन के लिए कुल 2985 गणना ब्लाक बनाये गये हैं। इन गणना ब्लाक में जनगणना के लिए 2693 प्रगणक एवं उनके काम की निगरानी के लिए 480 सुपरवाईजर नियुक्त किये गये हैं। 10 से 30 अप्रैल तक स्वगणना के दौरान 10 हजार 336 लोगों द्वारा मोबाईल के माध्यम से स्व गणना की गई है। जिले में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य 01 मई से प्रारंभ कर दिया गया है, जो 30 मई तक चलेगा।

# परसवाड़ा में रेंज ऑफिस की मांग ने पकड़ा जोर, वन भूमि के अतिक्रमण पर लगाम की उम्मीद..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***परसवाड़ा क्षेत्र में वन विभाग के पृथक रेंज कार्यालय की मांग अब लगातार तेज होती जा रही है। कुमनगांव, परसवाड़ा और बघोली परिक्षेत्र को मिलाकर नया रेंज कार्यालय खोले जाने की मांग को न केवल जनप्रतिनिधियों बल्कि आम ग्रामीणों का भी व्यापक समर्थन मिल रहा है।***

क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, विस्तृत वन क्षेत्र और बढ़ते कार्यभार को देखते हुए यह मांग अब जरूरत के रूप में सामने आ रही है।

### बीजाटोला डिपो हटने के बाद चरमराई व्यवस्था..

ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में बीजाटोला में वन विभाग का डिपो संचालित होता था, जिससे स्थानीय स्तर पर कार्यों का निराकरण हो जाता था। लेकिन डिपो हटने के बाद से वन प्रशासन की व्यवस्था बिखर गई है। वर्तमान में कुमनगांव क्षेत्र के लोगों को लामता रेंज और परसवाड़ा-बघोली क्षेत्र के लोगों को बैहर रेंज कार्यालय जाना पड़ता है। एक ही विकासखंड के ग्रामीणों को अलग-अलग स्थानों पर भटकना पड़ रहा है, जिससे समय, श्रम और आर्थिक संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी हो रही है।

### छोटे कार्य भी हो रहे लंबित

ग्रामीणों का कहना है कि वन अधिकार, सीमांकन, अनुमति, वन उपज से जुड़े प्रकरण और अन्य विभागीय कार्यों के लिए उन्हें कई बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। अधिकारियों की समय पर उपलब्धता नहीं होने से छोटे-छोटे काम भी लंबित रह जाते हैं, जिससे आमजन में असंतोष बढ़ रहा है।

### वन भूमि पर बढ़ता अतिक्रमण बना बड़ी चिंता..

क्षेत्र में वन भूमि पर लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर भी लोगों ने गंभीर चिंता जताई है। जनप्रतिनिधियों ने इस मुद्दे को उठाते हुए विभाग का ध्यान आकर्षित किया है। उनका कहना है कि स्थानीय स्तर पर रेंज कार्यालय नहीं होने के कारण निगरानी कमजोर है, जिसका फायदा उठाकर वन भूमि पर कब्जे बढ़ रहे हैं। यदि परसवाड़ा में रेंज कार्यालय स्थापित किया जाता है तो ऐसे अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

### स्थानीय उपस्थिति से मजबूत होगा वन संरक्षण..

नए रेंज कार्यालय की स्थापना से वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की क्षेत्र में स्थाई उपस्थिति सुनिश्चित होगी। इससे वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा, अवैध कटाई पर नियंत्रण और विभागीय निगरानी व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही ग्रामीणों की शिकायतों का त्वरित निराकरण भी संभव हो सकेगा, जिससे विभाग और आमजन के बीच समन्वय बेहतर होगा।

इस मुद्दे को क्षेत्रीय विधायक मधु भगत ने बजट सत्र के दौरान मध्यप्रदेश विधानसभा में प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा कि परसवाड़ा मुख्यालय में रेंज कार्यालय नहीं होने से हजारों ग्रामीणों को दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे विकास कार्यों की गति प्रभावित हो रही है।

### जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की एकजुट मांग-

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा है कि कुमनगांव, परसवाड़ा और बघोली परिक्षेत्र को मिलाकर नया रेंज कार्यालय स्थापित किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि इससे प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार आएगा, कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिलेगी।

### सरकार से जल्द निर्णय की उम्मीद..

विधायक मधु भगत ने सरकार से क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रेंज कार्यालय खुलने से न केवल प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि वन संरक्षण और ग्रामीण विकास को भी गति मिलेगी। लगातार बढ़ते जनदबाव,- जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और विधानसभा में उठे इस मुद्दे के बाद अब क्षेत्रवासियों की नजर सरकार के फैसले पर टिकी है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेकर परसवाड़ा क्षेत्र को यह बहुप्रतीक्षित सुविधा दी जाएगी।

# परसवाड़ा में आयोग सदस्य भगत सिंह नेताम का भव्य स्वागत, बैठक में जनजातीय विकास और सामाजिक न्याय पर विस्तृत चर्चा

हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***अनुसूचित जनजातियों के विकास को समर्पित राज्य आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम का बुधवार को परसवाड़ा आगमन हुआ, जहां सामाजिक कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।***







उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। बस स्टैंड से लेकर जनपद पंचायत परिसर और गोंडवाना भवन तक जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने फूल-मालाओं, पुष्पगुच्छ और पारंपरिक अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक अंदाज में स्वागत कर आयोजन को उत्सव का रूप दे दिया।

इस अवसर पर भगत सिंह नेताम ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

इसके पश्चात गोंडवाना भवन में सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के जनजातीय विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्थानीय समस्याओं जैसे सड़क, पेयजल, शिक्षा सुविधाओं की कमी और वनाधिकार से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया।

बैठक को संबोधित करते हुए नेताम ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार गरीब, वंचित और उपेक्षित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति के परिवारों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की भावना के अनुरूप सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है और जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। नेताम ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं और पात्र हितग्राहियों को उसका लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस दौरान उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बैठक में उठाई गई समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे, मंडल अध्यक्ष योगेश शरणागत, अशोक अवधिया, मंडल प्रभारी तपन राजा चौधरी, समाजसेवी तेजराम बोरिकर, पूर्व जनपद सदस्य शिवानी तिल्लासी, नरेंद्र पप्पू पटले, देवेन्द्र एड़े सहित मंडल के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# नवीन कार्यालय भवन व आवासीय परियोजनाओं का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, शीघ्र पूर्णता के निर्देश..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बुधवार 06 मई को कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप पुराने आरटीओ कार्यालय स्थल पर निर्मित हो रहे नवीन कार्यालय भवन एवं पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत सिविल लाइन क्षेत्र में बनाए जा रहे आवासीय भवनों का निरीक्षण किया।***







निरीक्षण के दौरान उन्होंने शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के समय मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के कार्यपालन यंत्री श्री जयंत देशमुख तथा निर्माण एजेंसी मेसर्स रायसिंह एंड कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुराने आरटीओ कार्यालय के स्थान पर निर्मित हो रहा नवीन भवन लगभग पूर्णता की ओर है। इस भवन में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क इकाई क्रमांक-01 एवं 02, लोक निर्माण विभाग (पीआईयू), सेतु निर्माण संभाग तथा नगर विकास प्लानिंग कार्यालयों को स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त निजी भवनों में संचालित अन्य शासकीय कार्यालयों को भी यहां शिफ्ट किया जाएगा।

कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए कि शेष कार्य जल्द पूरा कर सभी कार्यालयों को मई माह में ही नए भवन में स्थानांतरित किया जाए। इसके पश्चात कलेक्टर ने सिविल लाइन क्षेत्र में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत निर्मित हो रहे आवासीय भवनों का निरीक्षण किया। यहां एच टाइप के 20 एवं आई टाइप के 20 आवासों का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर कर्मचारियों को आवास आवंटित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि इन आवासों में कर्मचारियों के स्थानांतरण के बाद मुलना स्टेडियम के समीप स्थित पुराने एवं जर्जर आवासों को हटाया जा सकेगा, जिससे प्रस्तावित स्विमिंग पूल निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सकेगी।

# प्रतिभा योजना के तहत एसटी वर्ग के प्रतिभावान छात्रों को मिलेगी 50 हजार रूपये तक की प्रोत्साहन राशि, छात्रों से आवेदन आमंत्रित

जगप्रेरणा बालाघाट।

***राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों से 'प्रतिभा योजना' (सत्र 2026-27) के तहत प्रोत्साहन राशि हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।***

योजना के अंतर्गत आईआईटी (जेईई), एम्सव, एनडीए और क्लैट (एनएलआईयू) पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को 50 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि नीट द्वारा शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश और जेईई द्वारा एनआईटी कॉलेज में प्रवेश लेने वाले एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को 25 हजार रूपये की प्रोत्सा हन राशि प्रदान की जाएगी।

पात्रता एवं शर्तेंयोजना का लाभ लेने के लिए उम्मीदवार को मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

साथ ही, विद्यार्थी के परिवार (माता-पिता/अभिभावक) की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थियों को लाभ लेने के लिए सबसे पहले विभागीय वेबसाइट 222.ह्लह्लद्बङ्खद्य.द्बश्च.द्दश1.द्बठ्ठ/रूक्क्ञ्जस्् पर अपना 'प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन' करना होगा। इसके बाद उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के बाद संबंधित संस्था को एक ई-मेल भेजा जाएगा और पात्रता की पुष्टि होते ही राशि सीधे विद्यार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेज दी जाएगी।

योजना से संबंधित अधिक जानकारी या किसी भी समस्या के लिए विद्यार्थी कार्यालय सहायक आयुक्ते, अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग, जिला बालाघाट में संपर्क कर सकते हैं।




**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## वनांचल ग्राम केराटोला में विद्युत सप्लाई व्यवस्था लड़खड़ाई..

### ग्रामीण और किसान हुए परेशान..

जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत कंसुली के वनांचल ग्राम केराटोला में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।***



बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने और समय पर सुधार नहीं होने से ग्रामीणों के साथ-साथ किसानों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक माह से बिजली गुल रहने के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत कंसुली के ग्राम केराटोला के वार्ड क्रमांक 5 में स्थापित 25 केवी का यह ट्रांसफार्मर करीब 15 दिन पहले ही लगाया गया था, लेकिन लगने के दूसरे ही दिन यह जल गया और तब से अब तक बंद पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगने से पहले भी लगभग 12 दिनों तक गांव में बिजली आपूर्ति ठप रही थी। इस प्रकार देखा जाए तो ग्राम केराटोला करीब एक माह से अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली न होने से जहां एक ओर आमजन को पानी, बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल चार्जिंग सहित दैनिक कार्यों में परेशानी हो रही है, वहीं किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### ग्राम के किसानों की भी बढ़ी परेशानी..

किसानों का कहना है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण वे अपनी रबी धान फसल की समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसल सूखने की कगार पर पहुंच रही है। इससे किसानों में चिंता और नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों द्वारा कई बार विद्युत विभाग को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हालांकि विभाग के अधिकारियों द्वारा एक-दो दिन में ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन लगातार मिल रहे आश्वासनों से ग्रामीणों का भरोसा कम होता जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि ग्रामीणों और किसानों को राहत मिल सके।

### बोले सरपंच लीलाराम मानकर..

ग्राम केराटोला में पिछले 27 दिनों से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप्प है। 15 दिन पूर्व विभाग द्वारा 25 केवी का ट्रांसफार्मर तो लगाया गया मगर वह महज 18 घंटे भी काम नहीं कर सका और पुनः जल गया, जिसके कारण गांव फिर से अंधेरे में है।

रात्रि के समय ग्राम के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं होने से लोगों के दैनिक कार्यों पर भी बहुत प्रभाव पड़ रहा है। विद्युत विभाग जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करें।

### बोले जेई ललित मार्को..

इस संबंध में मुझे जानकारी है, हमारे द्वारा दो दिनों के भीतर ग्राम केराटोला में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। 25 केवी के ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे लगाने में समस्या आई है। परंतु ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विभाग द्वारा नये ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर ली गई जिसे आज या कल में स्थापित कर दिया जाएगा।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मंत्री दिलीप भटेरे, समाधि स्थल पर दी श्रद्धांजलि..

जगप्रेरणा लांजी।

***मप्र भाजपा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. श्री दिलीप भटेरे जी की 6 मई 2026 दिन बुधवार को 19 वां श्रद्धा पुण्य स्मरण श्रृद्धांजली कार्यक्रम स्व श्री दिलीप भटेरे जी की***







स्मृति स्थल ग्राम बोलेगांव मे दोपहर 3 बजे से आयोजित किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार भटेरे परिवार के सभी सदस्य गण एवं अतिथियो के द्वारा स्व. श्री भटेरे जी के स्मृति स्थल पर विधि पूर्वक पूजन अर्चन कर सामूहिक मौन धारण कर स्व. श्री भटेरे जी को श्रृद्धांजली दी गई। श्रृद्धानवत भटेरे परिवार पूर्व विधायक रमेश भटेरे, ऋषिका भटेरे एवं गंभा. धारेश्वरी दिलीप भटेरे, जागेश जयंती भटेरे (भ्राता), प्रेमलता योगेश कश्यप, नेहा दिनेश वर्मा, राजेश साधना भटेरे, राकेश प्रिया भटेरे, सुमित, रूचा भटेरे, शिवानी, प्रियांशी, श्रीयांशी, प्राची, प्रज्ञा, राशि, सिद्धी, समृद्धि, ओजल, कार्तिकेय, रोहिताक्ष एवं समस्त भटेरे परिवार के अलावा पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े, श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व नपा अध्यक्ष रमेश रंगलानी, अभय सेठिया, अभिलाष मिश्रा जिला प्रभारी, निशांत बिसेन प्रदेश प्रवक्ता सहित समस्त भाजपा परिवार, ग्राम के समस्त ग्रामीण जनों के द्वारा स्व. दिलीप भटेरे जी की समाधी स्थल पर विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर श्रद्धा सूमन अर्पित किये। स्व. दिलीप भटेरे जी की समाधी स्थल पर सम्पूर्ण समाधी को फुलो द्वारा साजसजित कर विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर श्रद्धा सूमन अर्पित किये। तत्पश्चात आमंत्रित अतिथियो के लिये शीतल पेय पदार्थ सहित भोज की व्यवस्था भी भटेरे परिवार के द्वारा की गई थी।

### संगीतमय भजन कार्यक्रम..

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भटेरे परिवार के द्वारा स्व. श्री दिलीप भटेरे जी की स्मृति पर रोशन कुमार एण्ड ग्रुप खैरागढ़ के द्वारा संगीतमय भजन प्रस्तुतियॉ प्रदान की गई। कार्यक्रम अन्तर्गत चल रहे संगीतमय भजन गीत श्रृद्धांजली कार्यक्रम की शोभा बढा रहे थे।

स्व. श्री दिलीप भटेरे जी के 19वां श्रृद्धा पुण्य स्मरण पर भारतीय जनता पार्टी परिवार जिनमें बालाघाट से लेकर सभी तहसीलो के वरिष्ठ पदाधिकारी, लांजी विधानसभा क्षेत्र के समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण तथा आमंत्रित अतिथियों के द्वारा स्मृति स्थल पर पंहुचकर स्व. श्री दिलीप भटेरे को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये भावपूर्ण श्रृद्धांजलि प्रदान की।

## एकता और अनुशासन, एन सी सी का मूल सिद्धांत..





### प्रशिक्षण शिविर का हुआ विधिवत शुभारंभ..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***6 म.प्र. बटालियन एनसीसी बालाघाट के तत्वावधान में दस दिवसीय 95वां संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (CATC-95) का शुभारंभ बुधवार को हुआ।***

शिविर के उद्घाटन अवसर पर कैम्प कमाण्डेन्ट लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए एकता और अनुशासन के सिद्धांतों का पालन करने का संदेश दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी कैडेट्स को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य निर्माण के लिए निरंतर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि एनसीसी प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें जिम्मेदार व राष्ट्रभक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है।

कैम्प कमाण्डेन्ट ने आगे कहा कि शिविर के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कैडेट्स को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, उत्तम चरित्र एवं मानवीय मूल्यों के साथ कार्य करना चाहिए। उद्घाटन सत्र के बाद कैडेट्स को ड्रिल अभ्यास कराया गया तथा फायरिंग में भाग लेने वाले कैडेट्स को प्रारंभिक शस्त्र संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही संगीत में रुचि रखने वाले कैडेट्स के लिए गिटार प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई और नियमित एनसीसी कक्षाओं का संचालन भी किया गया।

शिविर में एनसीसी अधिकारी कल्पना थोंबरे एवं नवीता मैथ्यु के साथ हवलदार किरण कुमार और हवलदार रामदेव भी सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह शिविर आगामी दिनों में विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों के माध्यम से कैडेट्स के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगा।

ग्राम पंचायत - पल्हेरा, जनपद पंचायत किरनापुर
जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश )

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026

।। निविदा सुचना।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पल्हेरा जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड, जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 24/04/2026 से 15/05/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| निशा दशमेर | धनीराम खरखटे | नालेश्वर बागमोरे |

सहायक सचिव -प्रकाश सोनवाने एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत
पल्हेरा जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)

ग्राम पंचायत - भुवा जनपद पंचायत किरनापुर
जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश )

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026

।। निविदा सुचना।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भुवा जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड, जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 24 /04/2026 से 15/05/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| श्रीमती गिता पंचाले | श्रीमती सुशीला बाई कुथे | दिलीप पटले |

सहायक सचिव -श्रीमती निर्मला पंचाले एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत
भुवा जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

## संतोष श्रीवास बने लोजपा के खेल व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष

### शुभ चिंतकों ने दी बधाइयां..



जगप्रेरणा लांजी।

***लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने जबलपुर संभाग अध्यक्ष के पद पर संतोष श्रीवास को मनोनीत किया है।***

यह नियुक्ति 28 अप्रैल 2026 को जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से की गई। प्रदेश अध्यक्ष (मध्य प्रदेश) प्रवीण नापित द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है कि संतोष श्रीवास की असीम क्षमता और कुशल नेतृत्व से पार्टी अत्यधिक सशक्त होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शंकर शर्मा (लंकेश) के नेतृत्व में यह नियुक्ति की गई है।

संतोष श्रीवास वार्ड 13, शिव मंदिर सुंदरटोला, लांजी, जिला बालाघाट के निवासी हैं। पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय 71, नॉर्थ एवेन्यू, नई दिल्ली से जारी इस पत्र ने स्थानीय स्तर पर उत्साह पैदा कर दिया है।

पार्टी संस्थापक रामविलास पासवान की विरासत को मजबूत करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। श्री श्रीवास ने नियुक्ति स्वीकार करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प जताया। इनके नियुक्ति पर इष्टमित्रों व क्षेत्र वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (SME) 'आत्मा' योजना के अंतर्गत जिले के ग्रामीण युवाओं को कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 25 दिवसीय (आवासीय) ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।***

यह प्रशिक्षण जिले के भीतर कृषि विज्ञान केन्द्रों, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थानों एवं कृषि महाविद्यालयों में संचालित होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी दी जाएगी, जिनमें उन्नत बीज उत्पादन तकनीक, वर्मीकम्पोस्ट निर्माण, जैविक खेती, मशरूम उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन, कस्टम हायरिंग सेंटर संचालन, डेयरी प्रबंधन, बकरीपालन, मुर्गीपालन एवं अन्य कृषि से संबंधित विषय शामिल हैं।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि इच्छुक युवा कृषक इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए अपने संबंधित विकासखण्ड के विकासखण्ड तकनीकी प्रबंधक (आत्मा) कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन जमा कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने एवं रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा।

न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील
किरनापुर जिला बालाघाट

रा.प्र.क्र. 0004/इ-154/ वर्ष 2026-27
साकिन - भालवा प.ह.न.33
रा.नि.म. माटे तहसील किरनापुर

।। आम सुचना।।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजेंद्र पिता हरिचंद जाति गढ़ेवाल निवासी ग्राम भालवा तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. के द्वारा अपने बड़े पिताजी रामचरण पिता मेहतर की मृत्यु दिनांक 11/04/2000 को ग्राम भालवा में मृत्यु हो जाने से मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोक सेवा केंद्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 15/05/2026 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थिति होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

तहसीलदार
तहसील किरनापुर




## 1552 किसानों से 37 हजार 775 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी..

जगप्रेरणा बालाघाट।

रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा हैं। जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है।

इन केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 06 मई तक जिले के 1552 किसानों से 09 करोड 91 लाख 59 हजार 375 रुपए के 37 हजार 775 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है।

किसानों को अब तक 02 करोड 54 लाख रुपए से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य बोनस सहित 2625 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों की स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 23 मई 2026 निर्धारित है।

अब तक जिले के 2900 किसानों ने गेहूँ विक्रय के लिए स्लॉट बुक करा लिया है। श्री ठाकुर ने बताया कि जिले में 37 हजार 775 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है जिसमें से 97 हजार 622 क्विंटल गेहूँ का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया जा चुका है। गेहूँ के परिवहन होने के साथ ही किसानों को भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## ‘अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा’ – बंगाल में राजनीतिक परिवर्तन का नया सूर्योदय..

‘अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा’-वर्षों तक यह केवल एक राजनीतिक नारा माना जाता रहा, लेकिन पश्चिम बंगाल के हालिया चुनाव परिणामों ने इसे जनभावना की सच्ची अभिव्यक्ति बना दिया। जिस बंगाल को कभी वामपंथ का अभेद्य गढ़ कहा जाता था और बाद में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस का मजबूत किला माना जाने लगा, उसी बंगाल की जनता ने अब एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत कर दी है। भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और बम्पर जीत केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बंगाल की बदलती मानसिकता, जनता के आक्रोश और वर्षों से जमा असंतोष का परिणाम मानी जा रही है।

ममता बनर्जी ने लगभग पंद्रह वर्षों तक बंगाल की राजनीति पर एकछत्र राज किया। शुरुआत में जनता ने उन्हें परिवर्तन की उम्मीद के रूप में देखा था। लोगों को लगा था कि वामपंथी शासन के बाद बंगाल में विकास, रोजगार और उद्योगों का नया दौर आएगा। लेकिन समय बीतने के साथ जनता की उम्मीदें निराशा में बदलती चली गईं। धीरे-धीरे यह धारणा मजबूत होने लगी कि राज्य में विकास की जगह केवल तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति को प्राथमिकता दी जा रही है। यही कारण रहा कि जनता के भीतर परिवर्तन की इच्छा लगातार बढ़ती गई।

भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल में अपनी राजनीतिक यात्रा बहुत छोटे स्तर से शुरू की थी। वर्ष 2016 में जब भाजपा ने केवल तीन सीटें जीतकर अपना खाता खोला था, तब शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि आने वाले वर्षों में यही पार्टी बंगाल की सबसे बड़ी ताकत बन जाएगी। लेकिन भाजपा ने हार नहीं मानी। उसने लगातार संगठन को मजबूत किया, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को तैयार किया और बंगाल की जनता के बीच अपनी बात पहुंचाने का काम जारी रखा। वर्ष 2021 में 77 सीटें जीतकर भाजपा ने यह स्पष्ट संकेत दे दिया था कि बंगाल की राजनीति अब एकतरफा नहीं रही। उसी समय यह अंदाजा लग गया था कि अगले चुनाव में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ सत्ता के करीब पहुंचेगी। और अंततः वह दिन आया जब भाजपा ने 207 सीटें जीतकर अपने दम पर सरकार बनाने का इतिहास रच दिया।

यह जीत भाजपा के लिए आसान नहीं थी। बंगाल की राजनीतिक और सामाजिक मानसिकता को बदलना किसी चुनौती से कम नहीं था। दशकों से एक विशेष विचारधारा और राजनीतिक संस्कृति में जी रही जनता को अपने पक्ष में करना बेहद कठिन कार्य था। लेकिन भाजपा ने धैर्य और रणनीति दोनों के साथ काम किया। पार्टी ने केवल चुनावी राजनीति नहीं की, बल्कि खुद को बंगाल की संस्कृति, परंपरा और जनभावनाओं से जोड़ने का प्रयास किया। भाजपा ने यह संदेश देने की कोशिश की कि वह केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि उन लोगों की आवाज है जो वर्षों से खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे।

ममता बनर्जी के शासनकाल में सबसे बड़ा आरोप तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर लगा। विरोधियों का कहना रहा कि सरकार ने एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए कई ऐसे निर्णय लिए जिनसे समाज में असंतुलन की भावना पैदा हुई। भाजपा ने इसी मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और हिंदू समाज के भीतर यह भावना मजबूत की कि उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने खुद को हिंदू समाज की आवाज के रूप में प्रस्तुत किया और यही रणनीति धीरे-धीरे असर दिखाने लगी। परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में हिंदू मतदाता भाजपा के साथ खड़े हो गए और पार्टी को अभूतपूर्व समर्थन मिला।

बंगाल में औद्योगिक विकास का रुकना भी ममता सरकार के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा बना। कभी देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में गिने जाने वाले बंगाल में उद्योगों का पलायन लगातार चिंता का विषय रहा। टाटा नैनो परियोजना का बंगाल से बाहर जाना केवल एक उद्योग का जाना नहीं था, बल्कि यह संदेश था कि राज्य में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण नहीं बचा है। इसके बाद बेरोजगारी लगातार बढ़ती गई। युवाओं के सामने रोजगार का संकट गहराता गया और सरकार के पास इसका कोई प्रभावी समाधान नजर नहीं आया। भाजपा ने युवाओं के इसी असंतोष को अपने पक्ष में मोड़ने में सफलता हासिल की।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी ममता सरकार पर लगातार सवाल उठते रहे। कई घटनाओं ने राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े किए। विपक्ष ने आरोप लगाया कि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता है और सरकार कई मामलों में निष्पक्ष कार्रवाई करने में विफल रही। जनता के बीच यह धारणा बनने लगी कि शासन व्यवस्था कमजोर हो चुकी है और सत्ता अहंकार में डूब गई है। यही अहंकार अंततः ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया।

भ्रष्टाचार के आरोपों ने भी तृणमूल सरकार की छवि को काफी नुकसान पहुंचाया। शिक्षक भर्ती घोटाला, कोयला घोटाला और अन्य कई मामलों ने जनता के विश्वास को कमजोर किया। आम लोगों को लगने लगा कि राज्य में ईमानदार व्यवस्था की जगह भ्रष्टाचार का जाल फैल चुका है। भाजपा ने इन मुद्दों को लगातार जनता के बीच उठाया और खुद को एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित किया।

भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत के पीछे केवल राजनीतिक रणनीति ही नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत भी रही। वर्षों तक कार्यकर्ताओं ने बंगाल की धरती पर संघर्ष किया, हिंसा और विरोध का सामना किया, लेकिन पीछे नहीं हटे। पार्टी ने गांव-गांव तक अपनी पहुंच बनाई और जनता के बीच यह विश्वास पैदा किया कि वह बंगाल में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। यही मेहनत आखिरकार रंग लाई। आज बंगाल की राजनीति एक नए मोड़ पर खड़ी है। जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि लोकतंत्र में कोई भी सत्ता स्थायी नहीं होती। यदि सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरती, यदि अहंकार और तुष्टिकरण राजनीति पर हावी हो जाते हैं, तो जनता परिवर्तन का रास्ता चुनती है। भाजपा की यह जीत केवल एक पार्टी की जीत नहीं, बल्कि उस जनभावना की जीत है जो बदलाव चाहती थी।

‘अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा’ – अब यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि बंगाल की नई राजनीतिक कहानी का प्रतीक बन चुका है।

लेखक



**हरीश नाग चांगोटोला**

## छुट्टियाँ : सीख और संस्कार का अवसर..

आज के तेज़ भागते जीवन में छुट्टियाँ केवल आराम करने का समय नहीं हैं, बल्कि स्वयं को निखारने, परिवार के साथ जुड़ने और जीवन मूल्यों को सीखने का एक सुंदर अवसर भी हैं। विशेषकर बच्चों और युवाओं के लिए छुट्टियाँ उनके व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण समय होती हैं। यदि इन दिनों का सही उपयोग किया जाए, तो यही अवकाश जीवन की दिशा बदल सकता है।

छुट्टियाँ क्यों हैं महत्वपूर्ण?

पूरे वर्ष पढ़ाई, काम और दिनचर्या में व्यस्त रहने के बाद मन और शरीर दोनों को विश्राम की आवश्यकता होती है। छुट्टियाँ हमें मानसिक शांति देती हैं, नई ऊर्जा प्रदान करती हैं और रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन केवल मोबाइल, टीवी और समय व्यर्थ करने तक सीमित रहना छुट्टियों का सही उपयोग नहीं कहलाता।

आयु के अनुसार छुट्टियों का सही उपयोग

हर आयु में बच्चों की सीखने की क्षमता और रुचियाँ अलग होती हैं। इसलिए छुट्टियों की गतिविधियाँ भी उनकी आयु के अनुसार तय होनी चाहिए।

5 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए

इस आयु में बच्चों को खेल-खेल में सीखाना सबसे प्रभावी होता है।

क्या सिखाएँ?

अच्छी आदतें और अनुशासन
कहानी पढ़ना और सुनाना
चित्रकला और हस्तकला
योग और प्रार्थना
पौधों और पशु-पक्षियों से प्रेम
छोटे घरेलू कार्यों में सहयोग

उद्देश्य

आत्मविश्वास बढ़ाना
रचनात्मकता विकसित करना
अच्छे संस्कार देना

11 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए – ‘स्किल आवर’ की शुरुआत

यह आयु बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इस समय बच्चे नई चीज़ें जल्दी सीखते हैं और उनमें आत्मनिर्भर बनने की भावना विकसित होती है। इसलिए छुट्टियों में प्रतिदिन कम से कम 1 घंटा ÷स्किल आवर÷ यानी कौशल विकास के लिए तय करना चाहिए।

स्किल आवर में क्या शामिल हो सकता है?

जीवन कौशल
समय प्रबंधन
संवाद कला (Communication Skills)
आत्मरक्षा प्रशिक्षण
नेतृत्व क्षमता
टीमवर्क सीखना
रचनात्मक कौशल
पब्लिक स्पीकिंग
लेखन और डायरी लेखन
संगीत, नृत्य या अभिनय
चित्रकला और क्राफ्ट
वीडियो एडिटिंग या बेसिक डिज़ाइनिंग

तकनीकी कौशल

बेसिक कंप्यूटर ज्ञान
टाइपिंग स्किल
फोनिक्स और इंग्लिश स्पीकिंग
ऑनलाइन रिसर्च करना सीखना
डिजिटल सुरक्षा की जानकारी

आत्मनिर्भरता से जुड़े कौशल

सरल खाना बनाना
सिलाई या हस्तकला
घर की जिम्मेदारियाँ समझना
पैसे का सही उपयोग सीखना

संस्कारों का भी हो समावेश

केवल स्किल ही नहीं, बल्कि संस्कार भी उतने ही आवश्यक हैं। बच्चों को यह सिखाना जरूरी है कि ज्ञान तभी उपयोगी है जब उसमें विनम्रता और संवेदनशीलता हो।

छुट्टियों में बच्चों को सिखाएँ–

बड़ों का सम्मान
माता-पिता की सहायता
जरूरतमंदों की मदद
भारतीय संस्कृति और त्योहारों का महत्व
सोशल मीडिया का सही उपयोग
डिजिटल दुनिया से थोड़ी दूरी

आज अधिकतर बच्चे छुट्टियाँ मोबाइल और टीवी में बिताते हैं। इससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास प्रभावित होता है। इसलिए परिवार को मिलकर ÷नो मोबाइल टाइम÷ तय करना चाहिए और बच्चों को वास्तविक गतिविधियों से जोड़ना चाहिए।

समाज और प्रकृति से जुड़ाव

छुट्टियों में बच्चों को समाज और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी भी सिखानी चाहिए।

जैसे–

वृक्षारोपण करना
स्वच्छता अभियान में भाग लेना
गरीब बच्चों को पढ़ाना
पक्षियों के लिए पानी रखना
वृद्धाश्रम या सेवा कार्यों में सहयोग देना

छुट्टियाँ केवल मनोरंजन का समय नहीं, बल्कि सीखने, संस्कारों और आत्मविकास का अवसर हैं। यदि बच्चे हर दिन थोड़ा समय नई स्किल सीखने, परिवार के साथ जुड़ने और अच्छे संस्कार अपनाने में लगाएँ, तो यही छुट्टियाँ उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बन सकती हैं।

आइए, इस बार छुट्टियों को केवल ÷फ्री टाइम÷ नहीं, बल्कि ÷ग्रोथ टाइम÷ बनाएं।

लेखिका



**सुषमा यदुवंशी**
**शिक्षाविद, मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार, स्तंभकार**

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक ‘जगप्रेरणा’ समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

## से उबारना चाहिए..

एकदूजे को दर्द से उबारना चाहिए
भुलाकर भेद सारे संवारना चाहिए

सोच रहा हूं गम क्यों इज़ाद हो रहा
क्यों न इसे मिलकर मारना चाहिए

कर रहे आवाम के दुश्मन मनमानी
अब तो हमे इन्हें ललकारना चाहिए

बोझिल हो गई साँसे दम भी घुट रहा
लगा पौधे धरा का कर्ज उतारना चाहिए


आज के बच्चे बेशक कल का भविष्य हैं
क्यों न उनकी प्रतिभा निखारना चाहिए

लेखक



**किशोर छिपेश्वर ‘सागर’, बालाघाट**

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 118



**बायें से दायें :** 1) भारत का एक राज्य 6) दिल्ली के एक भूतपूर्व भाजपाई मुख्यमंत्री 11) वायुयान, हवाई जहाज 14) फिल्म दिखाने का पड़दा 16) सहज, आसान 17) लोग 18) चुनाव, चुनना 19) सच 20) मन को हरनेवाला 21) छल, धोखा 23) दुष्ट या पापी मनुष्य 24) गोस्वामी तुलसीदासजी की पत्नी का नाम 26) आकलन न होना 27) बुचड़खाना 30) अनेक व्यक्तियों का कोलाहल, ऊधम, उत्पात 31) फलों का द्रव 33) पिता के पिता 34) मां के पिता 36) चार सौ हजार 37) राय, चुनाव में दिया गया वोट 39) बकरी,, जिसने जन्म न लिया हो 41) चहचहाना 43) फौजियों को भेजी जानेवाली खाद्य सामग्री 45) स्त्री 47) तन्मय, निमग्न 49) सिलसिला 50) पान रखने की तश्तरी 53) समशेर, खड्ग 55) वन, अरण्य 57) बुरा 58) ‘टेकनीक’ का हिन्दीकरण 60) जलयान 62) अरुणाचल प्रदेश की राजधानी 63) आमिरखान, ग्रेसी सिंग की एक सुपरहिट फिल्म 65) नियंत्रित करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 68) दस (संस्कृत) 71) लेनेवाला 73) पुरातन 74) एक द्विदल अनाज, जिसका बेसन बनता है 75) पंडवानी गीतों के लिये प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी महिला जिन्हे ‘पद्मश्री’ अवॉर्ड से विभूषित किया गया है 78) राजा या मालिक के लिये प्रयुक्त एक संबोधन 80) मृत्यु आने तक किया जानेवाला (अनशन) 82) सीने का काम दूसरे से करवाना 84) सौ करोड़ 85) नश्वर, नष्ट होनोवाला 87) वेतन 88) बाहर भेजी जानेवाली (डाक आदि) 89) प्रार्थना 90) स्वर्गीय अभिनेता सुनील दत्त का पत्नी का नाम 92) जिसे आशंका हुई हो 93) हाथ पैर फैलाना 96) मां का भाई 97) विष 98) छुट्टी 99) धोबी 100) तेजी से बढ़कर कोई चीज लेना, झपट्टा मारना 101) यकीनपूर्वक, निश्चित 103) मालिक, पति 104) अधिकार पद 105) राजस्थान का वह पुराना प्रदेश जहां के मूल निवासी मारवाड़ी है 107) हत्या करना 108) अग्नि 109) वितरण करनेवाला 111) सुवर्ण 112) यूनान देश में रहनेवाला 113) सपाट, समान स्तर का 114) पैदल सेना का एक विभाग

**ऊपर से नीचे :** 1) अदम्य शौर्य व साहस दिखाने या आत्मबलिदान के लिये सैनिकों को भारत सरकारद्वारा दिया जानेवाला सर्वोच्च पुरस्कार 2) घाव पर लगाया जानेवाला औषधीयुक्त लेप 3) ओसर भूमि 4) शरीर का अंग, गात्र 5) किसी वस्तु को पकड़ने के लिये तेजी से आगे बढ़ना 6) पति या पत्नी की मां 7) मृग 8) श्रीकृष्ण के भाई 9) पचाना 10) जंगल, अरण्य 11) एक देश जिसकी राजधानी हनाय है 12) स्वीकार करना, मान लेना 13) स्तुति करने योग्य, अच्छा 15) ऊपर से किसी द्रव का बूंद बूंद गिरना 18) कपास से सूत कातने का हस्तयंत्र 19) एक प्रसिद्ध भारतीय पक्षी विशेषज्ञ 22) हटना, कुछ समय के लिये स्थगित होना 25) दुल्हन 26) चुकता, नखरा 28) हैदराबाद का एक प्रसिद्ध म्युजियम 29) गन्ना 32) राजी 33) अन्न जल 36) खेत की उपज 38) किसी चीज की इच्छा करनेवाला 40) सजीव, जीवधारी,, जिस में जान हो ऐसा 42) हनुमानजी का शस्त्र 43) रात को जागकर किया गया भजन कीर्तन 44) औषधी 46) केश 48) मुंह, मुख 51) नकल करनेवाला 52) ‘नज्म’ का अपभ्रंश रुप 54) कंठस्थ कराना 56) गला 59) कहानी 61) अवस्था, दशा, समाचार 64) सब के सामने, आम लोगों के सामने 66) गायन, गीत गाना 67) नृत्य करना 69) कलात्मक एवं कमर्शियल फिल्मों की एक पुरानी अभिनेत्री 70) मेवे में समाविष्ट एक बीज 72) बायां 73) जान, जीव, फिल्म जगत का एक पुराना प्रसिद्ध खलनायक एवं चरित्र अभिनेता 75) धनुष्य बाण 76) जिस समय 77) ईश्वर, भगवान 78) कला, कारीगरी 79) धनवान पुत्र 81) अपने देश के एक जगप्रसिद्ध सितारवादक 82) विवश होते हुये भी बहुत परिश्रम या प्रयत्न करना, दुःखी होना इस अर्थ का एक मुहावरा 83) दिन 84) अवज्ञा, अपमान 86) बन्दर 87) पत्ते झड़ने का मौसम 91) सेंधमार 92) आजमाईश करना 94) सनातन धर्म को माननेवाला 95) इस दाक्षिणत्य फिल्म पर फिरोजखान की हिन्दी फिल्म ‘दयावान’ आधारित थी 102) शूक, तोता 103) अगवानी,, सत्कार 104) मौखिक (अंग्रेजी) 106) अभियोग चलानेवाला, वक्ता, बोलनेवाला 108) फलों का राजा 110) तपस्या ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चि | रं | जी | व | | रा | जी | व | | ग | री | ब | | अं | ग | द | | ग | जा | न | न |
| रा | ग | | ज | ल | ज | | र | क | म | | द | गा | बा | ज | | ट | ह | नी | | म |
| ग | | म | ह | क | | क | दा | पि | | वि | न | य | | ल | प | क | ना | | सि | क |
| त | ज | ना | | वा | यु | या | न | | ना | रा | ज | | म | | र | सा | | च | र | खा |
| ले | ब | ना | न | | वा | स | | अ | व | स | र | वा | दि | ता | | ल | ह | ल | हा | ना |
| अं | ड़ा | | मा | न | व | | मा | स | | त | | प | रा | ज | य | | ज | ना | ना | |
| धे | | सा | ज | | स्था | न | | र | न | | दा | सी | | म | म | ता | | | | म |
| रा | घ | व | | स | | शा | म | | ज | बा | न | | म | ह | ल | | ज | ब | र | न |
| | ब | न | बि | ला | व | | न | दा | र | द | | न | क | ल | | आ | ग | रा | | मा |
| मा | रा | | सा | ह | च | र्य | | न | | ल | ल | का | र | | पो | | | ब | सा | ना |
| द | ह | श | त | | न | | भा | व | ज | | की | र | | ध | र | म | क | र | म | |
| क | ट | क | | स्वे | | शे | र | | मा | हि | र | | ज | | बं | जा | रा | | ना | ई |
| ता | | ल | ला | ट | रे | खा | | ज | न | म | | ब | र | बा | द | क | र | ना | | टा |
| | च | | व | र | | व | सी | य | त | | आ | ल | म | गी | र | | ना | ज | नी | न |
| पा | प | पु | ण्य | | ख | त | | दे | | ध | न | वा | न | | | सी | मा | | र | ग |
| क | त | ल | | बा | ल | | दे | व | की | न | न्द | न | | स | रि | ता | | बं | ज | र |

anumeya-08446302691

## चुरा लूँ..

ख़्वाब को अपना बना लूँ,
हक़ीकत सीने में दबा लूँ।

होठों पे हँसी रख कर यार,
दर्द को आँखों में छिपा लूँ।

तेरी ख़ुशी माँग कर ख़ुदा से,
और सारे ग़म को मैं चुरा लूँ।

शायद प्रेम की यही माँग है,
तेरे वास्ते ख़ुद को मिटा लूँ।

तीरगी तेरे जीवन से हटाने,
दीप जैसे ख़ुद को जला लूँ।

चाँद भी देख तुझे आँहें भरे,
तू कहे तो ज़मीं पर बुला लूँ।

तेरी ख़ुशी के लिए ‘उजाला’,
मैं मौत को भी गले लगा लूँ।

**अनिल कसेर ‘उजाला’**

## 3 मुक्तक..

कहता अंदर का शोर अपना
एक दिन आयेगा दौर अपना।
अभी सब सहते जा रहा हूं
अभी वक्त है कमजोर अपना।

भले ही हजार लोगों
से रखो यारी अपनी
पर अकेले लड़ने की
रखो तैयारी अपनी।
लोग ख़लिफ़ाहोकर
भी ख़लिफ़ना जाएं
ख़ुद में पैदा करो
ऐसी वज़नदारी अपनी।

लाख ग़म दे पर इतनी हिम्मत भी दे,
पुंछे कोई हाल तो लब मुस्कुरा दे।
अच्छा नहीं कर सकता
तो ऐसा कर ख़ुदा,
मुझे सबसे बुरा आदमी ही बना दे।

लेखक



**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा, बालाघाट**





# शंघाई विश्व कप: कंपाउंड टीम की करारी हार, व्यक्तिगत स्पर्धा में अगले दौर में जगह बनाई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम ने बुधवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाने के कारण पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहीं।***



सबसे बड़ा झटका महिला टीम को लगा जिसने पिछले महीने मैक्सिको में सत्र के पहले विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रगति और अदिति स्वामी की तिकड़ी क्वार्टर फाइनल में तुर्की से 227-233 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम हज़ल बुरुन, डेफने चकमाक और एमिने राबिया ओगुज़ की निरंतरता का मुकाबला करने में विफल रही। ओजस देवताले, साहिल जाधव और कुशल दलाल की पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर उम्मीदें जगाईं, लेकिन अंतिम चार में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

इसके बाद कांस्य पदक के मैच में भारत को चीन से शूट-ऑफमें हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले इन दोनों टीम का स्कोर 234-234 से बराबर था। यहां तक कि शूट-ऑफ भी दोनों टीमों के तीन-तीन सटीक तीरों के साथ बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन चीन के दो तीर केंद्र (एक्स) के करीब थे, जबकि भारत का केवल एक तीर ही केंद्र के करीब था। इस तरह से चीन ने जीत हासिल की। मैच में एक समय भारत एक अंक (118-117) से आगे था, लेकिन शी जिंग्यू, लियू जिन्यू और क्यूई जियांगशुओ ने तीसरे चरण में वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया।

सेमीफाइनल में भी तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम को पहले तीन चरण तक बढ़त बनाए रखने के बावजूद जेम्स लुट्ज़, लुई प्राइस और गैयस की सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी टीम से 234-235 से हार का सामना करना पड़ा। ओजस देवताले और अदिति स्वामी की मिश्रित टीम जोड़ी अब टीम स्पर्धाओं में भारत की एकमात्र उम्मीद बची है। भारत को हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में कुछ राहत मिली क्योंकि सभी भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अगले दौर में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव, कुशल दलाल और ओजस देवताले ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बनाई। वर्मा का अगला मुकाबला जाधव से होगा। महिला वर्ग में 33वीं वरीयता प्राप्त मधुरा ने चीन की वांग यू को 148-147 से हराया। अगले मुकाबले में उन्हें अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्सिस रुइज़ की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एक अन्य मैच में ज्योति ने 150 का परफेक्ट स्कोर बनाकर कजाकिस्तान की डायना युनुसोवा को हराया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन अदिति ने ग्रेट ब्रिटेन की इसाबेल कारपेंटर पर जीत हासिल की। प्रगति ने सिंगापुर की ओंग मैडलीन जू ली को 143-142 से हराया।

# रश्मिका मंदाना ने पूरी की 'मैसा' की शूटिंग, बैंकॉक में ली थी खास ट्रेनिंग, टीम के लिए इमोशनल नोट किया शेयर...

डेस्क जगप्रेरणा।

***'मैसा' 2026 की मोस्ट अवेटेड एक्शन-थ्रिलर फिल्मों में से एक है, जिसमें पैन-इंडिया स्टार रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है,***



जो सिनेमाघरों में 5 भाषा में रिलीज होने वाली है। अपनी दमदार एक्टिंग और खूबसूरती के लिए मशहूर 'नेशनल क्रश' ने हर बार अपने बेहतरीन किरदार से दर्शकों का दिल जीता है और अब वह 'मैसा' से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। फिल्म में वह एक बोल्ड और शक्तिशाली अवतार में दिखाई देने वाली हैं, जो उनके पहले ऑन-स्क्रीन रोल से कहीं ज्यादा अलग होने वाला है। रश्मिका मंदाना ने 'मैसा' की शूटिंग से जुड़ा नया अपडेट शेयर किया है।

## रश्मिका मंदाना ने पूरा किया 'मैसा' शूट..

एक्ट्रेस ने केरल में एक इंटेंस एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग पूरी कर ली है और अपनी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है। रश्मिका ने केरल में 16 दिनों के शेड्यूल के दौरान हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन्स के लिए कड़ी ट्रेनिंग ली।

उन्होंने बैंकॉक में हर दिन आठ घंटे कॉम्बैट फाइटिंग और अलग-अलग फॉर्म्स का अभ्यास किया। अब एक्ट्रेस ने केरल शेड्यूल पूरा कर लिया है और बेहतरीन टीम का शुक्रिया अदा किया है।

## रश्मिका मंदाना ने टीम के लिए लिखा खास नोट..

अपने सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, 'दोस्तों, एक छोटा सा अपडेट है कि हमने केरल में स्थ्ह्यड्डु का एक लंबा शेड्यूल सफ्लतापूर्वक पूरा कर लिया है!! और ये कुछ ऐसे प्यारे लोग हैं, जिन्होंने बहुत मेहनत की और इसे मुमकिन बनाया! शुक्रिया दोस्तों.. और मैं आप लोगों से जल्द ही सेट पर फिर मिलूंगी। **rawindra-pulle, unformulafilms**।' उन्होंने दूसरी इंस्टा स्टोरी पर लिखा, 'आप लोग!! मुझे आप लोगों की अभी से याद आ रही है!! मुझे लोगों को मारना सिखाने के लिए शुक्रिया और वो भी बिना उन्हें चोट पहुंचाए! आप लोगों से सीखना बहुत मजेदार रहा!! आप सभी से फिर से बहुत जल्द मिलने का इंतजार है!! **jaikastunts, june.sa-sitorn.** केचा मास्टर!! बहुत-बहुत धन्यवाद दोस्तों!!!'

## रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्में..

अनफॉर्मूला फिल्म्स द्वारा निर्मित और रवींद्र पुल्ले द्वारा निर्देशित 'मैसा' जनजातीय भूमि पर आधारित एक इमोशनल एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। 'मैसा' के साथ-साथ रश्मिका मंदाना कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रही हैं। वह शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ 'कॉकटेल 2' में नजर आएंगी, जो इस साल 19 जून को रिलीज होने वाली है। वह विजय देवरकोंडा के साथ पीरियड ड्रामा 'रणबाली' का भी हिस्सा हैं।

# एक बार फिर शादी के बंधन में बंधे शिखर धवन, पत्नी सोफी साइन के साथ कराया मैरिज रजिस्ट्रेशन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। फरवरी में चुपचाप शादी करने के बाद अब उन्होंने अपनी पत्नी सोफी साइन के साथ आधिकारिक***



तौर पर मैरिज रजिस्ट्रेशन भी पूरा कर लिया है। गुरुग्राम में बेहद सादगी भरे अंदाज में पहुंचे धवन ने आम नागरिक की तरह लाइन में लगकर सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कीं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन 6 मई को गुरुग्राम के मैरिज रजिस्ट्रार ऑफिस पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी पत्नी सोफी साइन के साथ शादी का रजिस्ट्रेशन कराया।

इस दौरान दोनों ने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में जरूरी दस्तावेजों पर साइन किए। रजिस्ट्रार ऑफिस में धवन डार्क ब्लू टी-शर्ट में नजर आए, जबकि सोफी साइन ने हल्के आसमानी रंग का टॉप पहना हुआ था। इस दौरान एक हल्का-फुल्का पल भी देखने को मिला, जब किसी ने मजाक में कहा कि पंडित जी की फोटो आ रही है या नहीं।

जानकारी के मुताबिक, शिखर धवन ने बिना किसी शोर-शराबे के विकास सदन पहुंचकर करीब 25 मिनट में सभी औपचारिकताएं पूरी कर लीं और चुपचाप वहां से लौट गए। इस दौरान उन्होंने किसी भी तरह की विशेष व्यवस्था नहीं ली और आम लोगों की तरह ही लाइन में लगकर प्रक्रिया का पालन किया।

## फरवरी में हुआ था शादी समारोह..

गौरतलब है कि शिखर धवन और सोफी साइन ने 21 फरवरी 2026 को दिल्ली-एनसीआर में एक निजी समारोह में शादी की थी। इस समारोह में केवल करीबी परिवार और दोस्तों को ही आमंत्रित किया गया था। दोनों की मुलाकात दुबई में हुई थी और करीब एक साल तक डेटिंग के बाद उन्होंने 2025 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया।

सोफी साइन वर्तमान में शिखर धवन फाउंडेशन का काम संभाल रही हैं। दोनों ने इसी साल 12 जनवरी को सगाई की थी। उनकी शादी और प्री-वेडिंग फंक्शंस में भारतीय और आयरिश परंपराओं का खूबसूरत संगम भी देखने को मिला था। शिखर धवन के इस नए जीवन की शुरुआत को लेकर फैंस उन्हें लगातार बधाइयां दे रहे हैं।

# 6 फुट 3 इंच लंबा स्टारकिड, नहीं बनना चाहता एक्टर-डायरेक्टर, ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना है लक्ष्य, छोड़ा भारत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड के ज्यादातर स्टारकिड जहां फिल्मी सितारे बने के सपने देखते हैं तो कुछ स्टारकिड ऐसे भी स्टारकिड हैं जो अपने माता-पिता की तरह लाइमलाइट में रहना पसंद नहीं करते और अभिनय की दुनिया से दूर अलग करियर बनाना चाहते हैं या बना चुके हैं। संजय दत्त की बेटी त्रिशाला से लेकर आमिर खान की बेटी आयरा खान तक,***



इंडस्ट्री में उन स्टारकिड्स की कमी नहीं है, जिन्हें फेम से लगाव नहीं है। लेकिन, क्या आप उस स्टारकिड के बारे में जानते हैं जो एक्टिंग से दूर स्पोर्ट्स की दुनिया में अपनी राह बनाना चाहते हैं और देश के लिए ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने की ख्वाहिश रखते हैं।

यहां बात हो रही है 'धुरंधर' स्टार आर माधवन के बेटे वेदांत माधवन की, जो एक बेहतरीन स्विमर हैं और ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## भारत छोड़ विदेश में कर रहे पढ़ाई..

आर माधवन के बेटे वेदांत अपने पिता के स्टारडम के बाद भी चकाचौंध की दुनिया से दूर रहते हैं, क्योंकि उनका लक्ष्य एकदम स्पष्ट है और ये लक्ष्य है एक दिन ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करना। पिछले साल वेदांत ने रुहान मथरेजा के साथ बातचीत में अपनी बिजी लाइफस्टाइल के बारे में बात करते हुए बताया था कि वह ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना चाहते हैं। वेदांत एक स्विमर हैं और फिलहाल दुबई में पढ़ाई कर रहे हैं। यहीं वह स्विमिंग की भी ट्रेनिंग ले रहे हैं।

## वेदांत की बिजी लाइफस्टाइल..

वेदांत ने बातचीत के दौरान कहा था- 'मैं सुबह लगभग 4.30 पर उठ जाता हूं और 4.45 तक पूल पहुंच जाता हूं। वहां में 2 घंटे तक तैरता हूं। इसके बाद स्ट्रेचिंग करता हूं और फिर घर वापस आ जाता हूं। स्कूल हुआ तो स्कूल जाता हूं और वापस आकर हल्का नाश्ता करता हूं। थोड़ी देर आराम के बाद फ्रि पूल वापस चला जाता हूं। मैं लगभग 7.30 पर फिर तैरना शुरू कर देता हूं और रात 9.30 तक तैरता हूं।' कुल मिलाकर वेदांत रोजाना 4 घंटे के लगभग स्विमिंग करते हैं।

## अनुशासन पर वेदांत..

अनुशासन पर बात करते हुए वेदांत ने कहा- 'ये बहुत बिजी हो जाता है। लेकिन, ये सब त्याग के बारे में है। आपको कुछ चीजें छोड़ना पड़ता है और उससे भी बढ़कर खुद पर विश्वास करना होता है। मानसिक संघर्ष भी जरूरी है। मुझे मेरे कोच ने एक बात बताई है और वो ये कि हमेशा वर्तमान में रहो और फाइनल की चिंता मत करो। बस जिस पल में हो, उस पर ध्यान दो और उसी में जियो। दुबई में मुझे स्विमिंग में कोई दिक्कत नहीं हुई, क्योंकि जहां मैं ट्रेनिंग करता हूं वहां बहुत से भारतीय स्विमर हैं। लेकिन, यहां स्विमिंग के साथ अन्य चीजों को संतुलित करना मुश्किल है।' बता दें, माधवन के बेटे 6 फुट 3 इंच लंबे हैं और एक अनुशासित लाइफस्टाइल जीते हैं।

# मांडविया कई मुद्दों पर चर्चा के लिए एनएसएफ अधिकारियों से मिलेंगे..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***खेल मंत्री मनसुख मांडविया बृहस्पतिवार को जब यहां राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के प्रतिनिधियों के साथ दिन भर चलने वाली बैठक करेंगे तो डोपिंग को अपराध घोषित करना और आगामी राष्ट्रमंडल तथा एशियाई खेलों की तैयारियां चर्चा के मुख्य विषय होंगे।***



एजेंडा में राष्ट्रीय खेल प्रशासन नियम को लागू करना और बड़े पैमाने पर प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए भारत की तैयारी भी शामिल होगी। यह बैठक यहां राष्ट्रीय स्टेडियम में बंद दरवाजों के पीछे होगी।

एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा, 'जहां तक एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों का सवाल है तो यह मूल रूप से तैयारियों का जायजा लेने की प्रक्रिया है। मंत्री डोपिंग को अपराध घोषित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा करेंगे।' मांडविया ने इस बात की वकालत की है कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम में संशोधन किया जाए जिससे कि प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्ति करने वालों के लिए जेल और भारी जुर्माने का प्रावधान शामिल किया जा सके। ये दंडात्मक प्रावधान 2018 के डोपिंग रोधी विधेयक के मसौदे का हिस्सा थे लेकिन भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) जैसे निकायों की आपत्तियों के बाद इन्हें हटा दिया गया था।

पिछले महीने यहां विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के वैश्विक डोपिंग रोधी इंटेलिजेंस एंड इन्वेस्टिगेशन्स नेटवर्क (जीएआईआईएन) के सम्मेलन में डोपिंग को अपराध घोषित करना चर्चा का प्रमुख विषय था। वाडा के अध्यक्ष विटोल्ड बांका ने कहा था कि वह सरकारों को इस बुराई को अपराध घोषित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे लेकिन केवल आपूर्तिकर्ताओं और भ्रष्ट कोच तथा प्रबंधकों जैसे मददगारों को ही निशाना बनाएंगे जबकि खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करेंगे।

भारत में 2018 के मसौदा विधेयक में प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्ति करने वालों के लिए चार साल की जेल और 10 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान था लेकिन सरकार ने उस समय 'आपराधिक कानून के बजाय निवारक कानून' के विचार का समर्थन किया था। वर्तमान में भारत में खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्ति पर अनुशासनात्मक कार्रवाई केवल प्रतिबंधों तक सीमित है जो अपराध की गंभीरता के आधार पर आजीवन भी हो सकते हैं।

भारत पिछले तीन वर्षों से डोप उल्लंघन करने वालों की वाडा की वैश्विक सूची में शीर्ष पर रहा है। एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए दल अभी घोषित नहीं किए गए हैं और एनएसएफसे उम्मीद की जाती है कि वे मंत्री को तैयारियों के बारे में जानकारी देंगे। राष्ट्रमंडल खेल जुलाई-अगस्त में ग्लास्गो में होंगे जबकि एशियाई खेल सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने हैं।

एक जनवरी को आंशिक रूप से लागू किया गया राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम चर्चा का एक और अहम विषय होगा। उम्मीद है कि मंत्री एनएसएफ से अनुपालन रिपोर्ट मांगेंगे। एनएसएफको नए कानून के मुताबिक अपने नियमों में बदलाव करने के लिए छह महीने का समय दिया गया था। उन्हें यह भी इजाजत दी गई है कि वे सुचारू बदलाव के लिए किसी भी लंबित चुनाव प्रक्रिया को इस साल के आखिर तक टाल सकते हैं। इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय खेल संस्थाओं की आम सभा में असाधारण प्रतिभा वाले कम से कम चार खिलाड़ियों का होने जरूरी हैं जिनमें से दो महिलाएं होनी चाहिए।

तीन सदस्यों वाला 'राष्ट्रीय खेल बोर्ड' अब भी बनना बाकी है। सरकारी अनुदान पाने के लिए एनएसएफ को इसी बोर्ड से मान्यता लेनी होगी। अभी कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यों की एक 'खोज सह चयन' समिति उम्मीदवारों का मूल्यांकन कर रही है। कुछ हफ्ते पहले खेल मंत्री ने 'नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च' (एनसीएसएसआर) को निर्देश दिया था कि वह खिलाड़ियों की समय-समय पर फिटनेस जांच के लिए हर खेल के हिसाब से खास प्रोटोकॉल तैयार करे। उम्मीद है कि इस पर भी चर्चा होगी। एनसीएसएसआर इसके लिए 'मानक संचालन प्रक्रिया' (एसओपी) तैयार कर लेगा तो यह संस्था ही इस पूरी प्रक्रिया की एकमात्र नियामक बन जाएगी। एनएसएफ को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे साइ से सलाह-मशविरा करके अपनी-अपनी वेबसाइट पर 'सालाना फिटनेस जांच कैलेंडर' प्रकाशित करें।

# एकता कपूर ने बॉलीवुड सुपरस्टार को बताया अपना गुरु, पिता जितेंद्र की तारीफ में पढ़े कसीदे, खास पोस्ट किया शेयर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***एकता कपूर ने अक्षय कुमार और जितेंद्र के अनुशासन की तारीफकी और कहा कि फिल्म इंडस्ट्री के बिजनेस साइकिल को चालू रखने में उन्होंने खास भूमिका निभाई है।***



प्रोड्यूसर, जो 'भूत बंगला' की सफलता का जश्न मना रही हैं। उन्होंने कहा कि जो एक्टर लगातार काम करते हैं, वे प्रोड्यूसर्स और क्रू के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में उन्हें काम करने के लिए नए मौके भी मिलते रहते हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि अक्षय की साल में कई फिल्में रिलीज होने से बॉलीवुड के पूरे इकोसिस्टम को कई तरह के फायदे मिलते हैं।

## एकता कपूर ने अक्षय कुमार-जितेंद्र की तारीफ की..

एकता ने 'भूत बंगला' की सफलता के बाद सोशल मीडिया पर एक खास नोट शेयर किया। उन्होंने अपने पिता जितेंद्र के लंबे करियर पर बात की और उनके काम करने के तरीके की तुलना अक्षय कुमार से की। उन्होंने कहा कि दोनों एक्टर-प्रोड्यूसर के विजन को समझते हैं और फिल्म बनाने की प्रक्रिया का सम्मान करते हैं। एकता ने लिखा, 'अब समय आ गया है कि मैं सबको धन्यवाद कहूं... डैड और अक्षय सर की यह तस्वीर मुझे याद दिलाती है कि अनुशासन क्या कर सकता है। वे इतने मिलते-जुलते हैं कि जब भी मैं अक्षय सर से बात करती हूं तो मुझे लगता है जैसे मैं अपने डैड से बात कर रही हूं... उनका अनुशासन और प्रोड्यूसर के भरोसे पर उनका विश्वास, साथ ही गहरा भरोसा और सम्मान सच में बहुत बढ़िया है!'

## अक्षय कुमार की साल में 4 फिल्में करने का फायदा..

एकता कपूर ने आगे कहा कि जितेंद्र और अक्षय जैसे एक्टर इंडस्ट्री को सिर्फएक-दो बड़ी फिल्में नहीं देते वह काम को और आगे बढ़ने में मदद करते हैं। एकता ने कहा कि उनके रेगुलर काम से ज्यादा प्रोड्यूसर्स को फिल्में बनाने का मौका मिलता है और कई लोगों को काम मिलता है। उन्होंने लिखा, 'ये दो लोग ही हमारी इंडस्ट्री के बिजनेस के जिंदा रहने की वजह हैं और इसी वजह से प्रोड्यूसर्स के पास अभी भी कुछ कंट्रोल है। टॉप डायरेक्टर्स के साथ कभी-कभार कुछ फिल्में करने से इंडस्ट्री की सिर्फएक ही लेयर चलती है... इंडस्ट्री को आगे बढ़ने के लिए ऐसे एक्टर्स चाहिए जो रेगुलर काम करें ताकि हर प्रोड्यूसर को काम करने का मौका मिले।'

## एकता कपूर ने बताया अक्षय कुमार साल में चार फिल्में क्यों करते हैं..

एकता ने अक्षय के साल में कई फिल्में करने के बारे में कहा कि फिल्मों की संख्या मायने रखती है, क्योंकि इससे नौकरियां ज्यादा मिलती हैं और इंडस्ट्री चलती रहती है। उन्होंने लिखा, 'इन दोनों लोगों ने जो बिजनेस इंडस्ट्री में लाया है, उसकी तारीफ कम ही होती है। इसलिए जब भी कोई पूछता है - अक्षय कुमार साल में चार फिल्में क्यों करते हैं?' तो जान लीजिए कि धर्मेंद्र, जितेंद्र और अक्षय जैसे लोगों की वजह से ही यह इंडस्ट्री इतनी आगे बढ़ी है। उनकी हर फिल्म की वजह से लोगों को काम मिल रहा है। यही तो इंडस्ट्री का फायदा है! धन्यवाद अक्षय सर, हर बड़े और छोटे प्रोड्यूसर के साथ काम करने और उन्हें अपना बेस्ट देने का मौका देने के लिए! लव यू, गुरुजी! **@akshaykumar**।'

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, वेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
गुरुवार 07 मई 2026





# भारतीय कंपनियों की अमेरिका में 20.5 अरब डॉलर के निवेश की योजना



वाशिंगटन, (भाषा)।

***भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और औषधि जैसे क्षेत्रों में 20.5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। यहां एक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय कंपनियों ने 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर की परियोजनाओं की घोषणा की।***

अमेरिका के एक दस्तावेज में कहा गया है कि उद्योग जगत के दिग्गजों ने मेरीलैंड के नेशनल हार्बर में आयोजित सेलेक्टयूएसए इन्वेस्टमेंट समिट में 20.5 अरब डॉलर के भारतीय निवेश का स्वागत किया।

इसमें कहा गया, ''ये निवेश आषधि, आधुनिक विनिर्माण, ऊर्जा अवसंरचना और उभरती प्रौद्योगिकियों में किए जाएंगे और इनसे हजारों रोजगार सृजित होने के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और अमेरिकी उत्पादन क्षमता का विस्तार करने में मदद मिलेगी।''

भारतीय दवा कंपनियों ने अमेरिका में 19.1 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निवेश की योजना की घोषणा की है। इसमें सन फार्मास्युटिकल द्वारा न्यू जर्सी स्थित ऑर्गेनन एंड कंपनी का 11.75 अरब अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहण शामिल है।

इसमें कहा गया है कि जेएसडब्ल्यू स्टील ने ओहियो और टेक्सास में स्थित अपनी सुविधाओं में 25.5 करोड़ डॉलर की आधुनिकीकरण परियोजनाओं को शुरू करने की योजना की पुष्टि की है। अमेरिका के वाणिज्य उप मंत्री (अंतरराष्ट्रीय व्यापार) विलियम किमिट ने मंगलवार को कहा, ''इस शिखर सम्मेलन में 12 भारतीय कंपनियों ने 11 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणा की है। सेलेक्ट यूएसए में किसी एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा की गई यह अब तक की सबसे बड़ी घोषणा है।''

उन्होंने कहा कि ये निवेश वैमानिकी और रक्षा, ऊर्जा, आधुनिक विनिर्माण और कृत्रिम मेधा जैसे क्षेत्रों में फैले हुए हैं।

इन 12 कंपनियों द्वारा किए गए 11 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से अमेरिका में लगभग 2,500 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

अहमदाबाद स्थित अभ्युदय समूह ने अमेरिका के पांच राज्यों में विनिर्माण संकुल स्थापित करने के लिए 90 करोड़ डॉलर के सबसे बड़े निवेश की घोषणा की है।

मुंबई की स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अमेरिका में 10 करोड़ डॉलर तक के नए कारखाने में निवेश की घोषणा की।

पीआर जिंदल समूह ने टेक्सास और मिसिसिपी में 8.7 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा की।

दिल्ली स्थित जीवो वेलनेस ग्रुप ने अमेरिका में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 1.5 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा की है।

इंदौर की प्रौद्योगिकी कंपनी टेकडोम सॉल्यूशंस अगले पांच साल में अमेरिका में 75 लाख अमेरिकी डॉलर तक का निवेश करेगी। इससे रोजगार के 100 अवसरों का सृजन होगा।

चेन्नई स्थित अत्री एआई ने अगले 2-3 साल में अमेरिका में अपने इंजीनियरिंग, बिक्री और प्रौद्योगिकी संचालन को मजबूत करने के लिए लगभग 20 लाख डॉलर के निवेश का प्रस्ताव किया है।

# सोना 2,900 रुपये मजबूत, चांदी 3,500 रुपये चढ़ी



नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 2,900 रुपये बढ़कर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी 3,500 रुपये चढ़कर 2.54 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई।***

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के साथ तेल की कीमतों में गिरावट आने से कीमती धातुओं की मांग बढ़ी है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,900 रुपये यानी लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 1,55,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह मंगलवार को 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

कारोबारियों के अनुसार सर्राफा कीमतों में तेजी का कारण अमेरिका और ईरान में महीनों से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए समझौते की एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की खबर है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते व्यापार के सुचारू प्रवाह की संभावनाएं बढ़ी हैं और ऊर्जा बाजारों से जुड़ी मुद्रास्फीति की चिंताएं कम हुई हैं।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में जोरदार तेजी देखने को मिली। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से उन प्रमुख वृहद आर्थिक कारकों में अचानक बदलाव आया, जिन्होंने हाल ही में कीमती धातुओं पर दबाव डाला था।'' चांदी की कीमतों में भी लगातार तीसरे सत्र में तेजी आई। इसकी कीमत 3,500 रुपये यानी 1.4 प्रतिशत बढ़कर 2,54,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। एसोसिएशन के अनुसार, पिछले कारोबारी सत्र में इस धातु की कीमत 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। गांधी ने कहा, ''कूटनीतिक सफलता की संभावनाओं के चलते तेल की कीमतों और डॉलर में भारी गिरावट आई। इससे मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं कम हुई और साथ ही कीमती धातुओं की मांग में तेजी आई।'' वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोने की कीमत 106.15 डॉलर यानी 2.33 प्रतिशत बढ़कर 4,663.70 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि चांदी की कीमत 3.40 डॉलर यानी 4.68 प्रतिशत बढ़कर 76.24 डॉलर प्रति औंस रही।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने की कीमतों में तेज उछाल आया। इसका कारण अमेरिका और ईरान के समझौते की रूपरेखा के करीब पहुंचने की सूचना है।''

# केंद्र ने महाराष्ट्र के लिए अरहर, चने की खरीद की समयसीमा बढ़ाई..



मुंबई, (भाषा)।

***राज्य के विपणन मंत्री जय कुमार रावल ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र में 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए अरहर और चने की खरीद की समयसीमा बढ़ा दी है। साथ ही चने की खरीद का लक्ष्य भी बढ़ा दिया है।***

राज्य सरकार के अनुरोध के बाद, अरहर (तुअर) की खरीद की समयसीमा 31 मई तक और चने की खरीद की समयसीमा 29 मई तक बढ़ा दी गई है। केंद्र सरकार ने चने की खरीद का लक्ष्य भी 58,632 टन बढ़ाकर कुल 8,19,882 टन कर दिया है।

रावल ने बताया कि यह फैसला केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य की मांग पर विचार करने के बाद लिया। यहां जारी एक सरकारी बयान में कहा गया है कि रावल ने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चौहान का आभार व्यक्त किया।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के तहत, अरहर की खरीद की शुरुआती अवधि 90 दिन और चने की खरीद की अवधि 60 दिन थी। हालांकि, किसान लगातार इस अवधि को बढ़ाने की मांग कर रहे थे, जिसके बाद राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार के साथ इस मामले को उठाया।

राज्य में अरहर की खरीद एक फरवरी, 2026 को शुरू हुई थी। इसकी समयसीमा पहले एक मई तय की गई थी, इसे अब बढ़ाकर 31 मई कर दी गई है। केंद्र सरकार ने अरहर की खरीद का लक्ष्य 3.37 लाख टन तय किया है, जिसमें से अब तक 37,801 किसानों से 6,82,037 क्विंटल अरहर की खरीद की जा चुकी है।

चने की खरीद एक मार्च, 2026 को शुरू हुई थी और पहले इसे 29 अप्रैल को समाप्त होना था, लेकिन अब यह 29 मई तक जारी रहेगी। चने की खरीद का शुरुआती लक्ष्य 7,61,250 टन था, जिसे 58,632 टन बढ़ाकर 8,19,882 टन कर दिया गया है। बयान में रावल के हवाले से कहा गया है कि अब तक 3,07,973 किसानों से 76,12,499 क्विंटल की खरीद की जा चुकी है।

मंत्री ने कहा कि खरीद प्रक्रिया निर्धारित एजेंसियों के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है और किसानों के बैंक खातों में भुगतान बिना किसी देरी के जमा किया जा रहा है। रावल के अनुसार अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि किसानों को किसी भी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान : रिपोर्ट..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***ऊर्जा आपूर्ति बाधाओं की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत के पिछले अनुमान से कम होकर 6.6 प्रतिशत रह सकती है। एसएंडपी ग्लोबल और क्रिसिल ने बुधवार को एक संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा।***

इसके साथ ही दोनों रेटिंग एजेंसी ने इस रिपोर्ट में कहा कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य हासिल करने के लिए ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा से जुड़े सुधार जरूरी होंगे।

'इंडिया फारवर्ड' शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि भारत इस समय ऊर्जा आपूर्ति में बाधा, तेल और गैस की बढ़ती कीमतों तथा मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जैसे बाहरी आर्थिक झटकों का सामना कर रहा है। ऐसी स्थिति में रणनीतिक भंडार तैयार करने के लिए व्यापक ऊर्जा भंडारण नीति बनाने की जरूरत बताई गई है।

क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा, 'पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचने से नए दबाव उभर रहे हैं। रुपये में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी अर्थव्यवस्था पर 'दोहरा झटका' डाल रही है, जिससे वृद्धि पर दबाव बढ़ रहा है।' जोशी ने कहा कि मौजूदा हालात में भारत को ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के साथ उर्वरक क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने संकट जारी रहने की स्थिति में रबी फसल के लिए उर्वरकों की कमी होने का अंदेशा भी जताया। हालांकि खरीफ फसलों के लिए स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बनी हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में कई देशों एवं समूहों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ उठाने के लिए भारत को अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधार करने होंगे।

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है, जिससे मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। कच्चा तेल 30 अप्रैल को 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर तक पहुंच गया था लेकिन छह मई को यह घटकर 97.77 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

जोशी ने कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का असर थोक मूल्य सूचकांक पर अधिक दिखेगा, जबकि खुदरा मुद्रास्फीति पर इसका प्रभाव सीमित रहेगा। इसकी वजह यह है कि सरकार ने पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखा है। हालांकि वाणिज्यिक एलपीजी के दाम बढ़ाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि अप्रैल के मुद्रास्फीति आंकड़ों में बढ़ोतरी दिखेगी लेकिन थोक मुद्रास्फीति, खुदरा मुद्रास्फीति से अधिक रह सकता है क्योंकि इसमें आयातित वस्तुओं और कच्चे माल की लागत का प्रभाव शामिल होता है।

केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है और इसमें बढ़ोतरी के जोखिमों की ओर भी संकेत किया है।

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत के एक साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि थोक मुद्रास्फीति 3.88 प्रतिशत के 38 महीने के उच्च स्तर पर रही।

# रुपया 69 पैसे चढ़कर 94.49 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई, (भाषा)।

***अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 69 पैसे मजबूत होकर 94.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ संभावित समझौते के संकेत देने के बाद अंतराष्ट्रीय***

मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से रुपया मजबूत हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये पर पड़ रहे भारी दबाव को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रा को समर्थन देने के लिए सक्रिय रूप से एक 'अप्रत्यक्ष' रणनीति भी अपना रहा है। इसके अलावा, ट्रंप द्वारा 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को रोक दिए जाने के बाद बाजार का माहौल बेहतर हुआ। यह एक अमेरिकी अभियान था जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा प्रदान की जाती थी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95 पर खुला। कारोबार के दौरान टूटकर 95.18 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंत में 94.49 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 69 पैसे की बढ़त है।

रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.18 पर बंद हुआ था। सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक अमित पबारी ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार का सीधे उपयोग किए बिना मुद्रा को समर्थन देने के तरीकों की तलाश कर रहा है।

पबारी ने कहा कि जिन विचारों पर चर्चा हो रही है उनमें से एक यह है कि सरकारी बैंकों को विदेशी मुद्रा बॉन्ड के माध्यम से धन जुटाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए जिससे प्रणाली में डॉलर का नया प्रवाह लाने में मदद मिल सकती है।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.79 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 940.73 अंक चढ़कर 77,958.52 अंक जबकि निफ्टी 298.15 अंक की बढ़त के साथ 24,330.95 अंक पर बंद हुआ।

अंतराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 8.25 प्रतिशत गिरावट के साथ 100.81 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने बुधवार को 5,934.90 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाए जा रहे 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को भी निलंबित कर दिया है। साथ ही दावा किया कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के समझौते की दिशा में बातचीत में प्रगति हुई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर मंगलवार को जानकारी दी, ''ईरान के प्रतिनिधियों के साथ एक पूर्ण और अंतिम समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है।''

# नौकरी की ऑनलाइन तलाश में फर्जीवाड़े को लेकर भारतीय पेशेवर हो रहे जागरूक: रिपोर्ट




मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय पेशेवरों के बीच नौकरी की तलाश में फर्जीवाड़े को लेकर सतर्कता बढ़ी है और अब 82 प्रतिशत से अधिक पेशेवर किसी नौकरी के लिए आवेदन करने से पहले उसकी प्रामाणिकता जांचते हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।***

पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन की 'जॉब सर्च सेफ्टी पल्स' रिपोर्ट के मुताबिक, 53 प्रतिशत पेशेवर एक साल पहले की तुलना में अब ज्यादा संदेह करते हैं कि कहीं नौकरी का प्रस्ताव धोखाधड़ी तो नहीं है।

लिंक्डइन इंडिया की विधि एवं लोक नीति प्रमुख अदिति झा ने कहा, ÷ऑनलाइन नौकरी तलाशने के दौरान नौकरी प्रस्तावों में फर्जीवाड़ा (जॉब स्कैम) होना एक आम अनुभव होता जा रहा है। इसे लेकर जागरूकता बढ़ रही है, लेकिन प्रतिस्पर्धी माहौल में खासकर करियर के शुरुआती दौर में इसे व्यवहार में लागू करना चुनौतीपूर्ण होता है।÷

यह रिपोर्ट पूर्णकालिक या अंशकालिक तौर पर काम कर रहे 8,512 पेशेवरों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है। ये पेशेवर ब्रिटेन, भारत, जर्मनी एवं ब्राजील में कार्यरत हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, करियर की शुरुआत करने वाले उम्मीदवार कहीं अधिक जोखिम में हैं। नौकरी की तलाश में लगे जेन-जी पीढ़ी के 54 प्रतिशत युवाओं ने माना कि उन्होंने महत्वपूर्ण रोजगार अवसर समझकर चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज किया। वहीं, 49 प्रतिशत भारतीय जेन-जी पेशेवर ऐसे घोटालों के करीब पहुंच चुके हैं, जबकि जेन-एक्स पेशेवरों के बीच यह आंकड़ा 36 प्रतिशत है। रिपोर्ट के मुताबिक, नौकरी खोजते समय सबसे अधिक चिंता तब होती है जब लोग ऑनलाइन जॉब ब्राउज कर रहे होते हैं। इसकी वजह यह है कि उस समय तक जानकारी सीमित होती है और भरोसा पूरी तरह स्थापित नहीं होता है।

लिंक्डइन के आंकड़ों के मुताबिक, साइबर ठग अक्सर शुरुआती चरण में ही बातचीत को भरोसेमंद मंच से हटाकर निजी मैसेजिंग ऐप पर ले जाने की कोशिश करते हैं। लगभग 90 प्रतिशत मामलों में उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत मैसेजिंग ऐप पर ले जाया जाता है।





जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

## अदालत ने निजी प्रैक्टिस कर रहे चिकित्सकों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच का निर्देश दिया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल में कार्यरत होने के बावजूद निजी प्रैक्टिस कर रहे चिकित्सकों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल की स्थिति फंड और सुविधाओं की कमी के कारण नहीं,***

बल्कि इसके चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस की वजह से खराब हुई है। अदालत ने मुख्य सचिव को सभी दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, 'ऐसा प्रतीत होता है कि एसआरएन अस्पताल की स्थिति फंड या सुविधाओं की कमी से नहीं बल्कि इसके चिकित्सकों की वजह से खराब हुई है, जो सरकार के उद्देश्य को विफल कर रहे हैं।'

अदालत ने कहा, 'प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर एवं प्रवक्ता निजी नर्सिंग होम में सेवाएं दे रहे हैं और प्रयागराज में एक समानांतर चिकित्सा उद्योग चला रहे हैं। ये चिकित्सक सर्जरी कर रहे हैं और मरीजों को एसआरएन अस्पताल से निजी अस्पताल में भर्ती करवा रहे हैं।'

अदालत ने मामले की सुनवाई 26 मई को तय करते हुए निर्देश दिया कि अगली तिथि तक मुख्य सचिव अदालत को उच्च स्तरीय समिति के गठन के लिए की गई कार्रवाई से भी अवगत कराएंगे।



अदालत ने मुख्य सचिव को एसआरएन अस्पताल में पिछले 20 वर्षों से जारी उन निर्माण गतिविधियों की प्रगति पर नजर रखने का भी निर्देश दिया, जो राज्य सरकार द्वारा धन जारी किए जाने के बावजूद अभी तक पूरी नहीं हुई हैं।

अदालत ने चार मई को दिए आदेश में राज्य सरकार के वकील को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के पक्ष में भूमि हस्तांतरण के संबंध में कैबिनेट की बैठक की प्रगति के बारे में अवगत कराने का निर्देश दिया।

राज्य सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के पक्ष में 31,314 वर्ग मीटर भूमि हस्तांतरण के लिए सभी संबंधित विभागों से अनापत्ति ले ली गई है और इस मामले को जल्द ही मंत्रिपरिषद के समक्ष मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलते ही भूमि का हस्तांतरण कर दिया जाएगा। अदालत ने एसआरएन अस्पताल के हृदय रोग विभाग की दो मंजिला इमारत का निर्माण नहीं करने के लिए सरकार की खिंचाई की। इस इमारत का निर्माण कार्य 2006 में शुरू हुआ था।

अदालत को बताया गया कि मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार सिंह और उनकी पत्नी एलाक्षी शुक्ला के खिलाफ 29 अप्रैल, 2026 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एलाक्षी शुक्ला 'एक्यूरा हॉस्पिटल' नाम के एक निजी अस्पताल की निदेशक हैं, जहां संबंधित चिकित्सक सर्जरी करने जाते हैं।

अदालत ने उक्त प्राथमिकी पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, 'मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई इस आरोप पर शुरू की गई कि डॉ. अरविंद गुप्ता नाम के एक चिकित्सक ने 'फिनिक्स' नाम के एक निजी अस्पताल में अपने मरीज का इलाज किया, जबकि डॉ. गुप्ता मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में प्रोफेसर हैं।'

अदालत ने कहा, 'उक्त प्राथमिकी से पता चलता है कि डॉ. संतोष कुमार सिंह जोकि मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में एक सहायक प्रोफेसर हैं, एक निजी नर्सिंग होम चला रहे हैं, जिसमें उनकी पत्नी निदेशक हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है।'

## क्रूज जहाज में हंटावायरस संक्रमण की पुष्टि, तीन मरीजों की मौतः अधिकारी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***नीदरलैंड के ध्वज वाले एमवी हॉनडियस क्रूज जहाज में घातक हंटावायरस का संक्रमण फैलने की पुष्टि हुई है और उसमें करीब 150 लोग फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।***



अधिकारियों ने बताया कि जहाज केप वर्डे के तट पर फंसा हुआ है, बुधवार को स्पेन के कैनरी द्वीप समूह की ओर रवाना होने का इंतजार कर रहा था। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका और स्विट्जरलैंड के स्वास्थ्य अधिकारियों ने वायरस के एक ऐसे प्रकार की पहचान की है जिसके मनुष्यों में फैलने की आशंका बहुत कम है। एमवी हॉनडियस क्रूज जहाज पर हंटावायरस का संक्रमण फैलने से तीन यात्रियों की मौत हो गई है और कई अन्य बीमार पड़ गए हैं। हंटावायरस आमतौर पर संक्रमित चूहे के मल में होते हैं और श्वास के जरिये फैलते हैं।

यह जहाज एक अप्रैल को अटलांटिक महासागर की यात्रा पर अर्जेंटीना से रवाना हुआ था और इसको अंटार्कटिका, फॉकलैंड द्वीप समूह और अन्य स्थानों पर रुकना था। हालांकि, जहाज पर उत्पन्न स्थिति के कारण यात्रा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस ए. घेब्रेयेसस ने बताया कि हंटावायरस से संक्रमण के तीन संदिग्ध मरीजों को जहाज से निकाला गया है और उन्हें नीदरलैंड ले जाया जा रहा है। स्पेन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि मरीजों में जहाज का चिकित्सक भी शामिल है। मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि चिकित्सक सहित मरीजों को पहले कैनरी द्वीप समूह ले जाया जाना था, लेकिन अब 'स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद' उन्हें सीधे स्वदेश नीदरलैंड भेजा जा रहा है।

इस बीच, स्विट्जरलैंड के अधिकारियों ने बुधवार को पुष्टि की कि दक्षिण अमेरिका की यात्रा से लौटे और क्रूज जहाज पर यात्रा करने वाला एक व्यक्ति के वायरस से संक्रमित है और उसका इलाज चल रहा है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा था कि उन्होंने जहाज पर सवार दो यात्रियों में हंटावायरस के एंडीज प्रकार की पहचान की है, और स्विट्जरलैंड के अधिकारियों ने भी कहा कि उन्होंने अपने प्रभावित मरीज में उसी वायरस की पहचान की है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..

मो. 9329033433

## खंभे से टकराते ही आग का गोला बनी कार

### शादी से लौट रहे 2 दोस्त जिंदा जले, तीसरे ने शीशा तोड़कर बचाई जान...

डेस्क जगप्रेरणा।

***ग्वालियर जिले के डबरा में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है जिसमें एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाईटेंशन लाइन टूटकर कार पर गिर गई***



जिससे पूरी कार में करंट फैल गया। कार में मौजूद तीन दोस्तों में से 2 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक दोस्त गंभीर रूप से झुलस गया।

### जोरदार धमाके के साथ कार में लगी आग..

शादी समारोह से लौटते समय यह हादसा हुआ है। तीनों दोस्त शिवपुरी के रहने वाले हैं। वह ग्वालियर अपने एक दोस्त के शादी में शामिल होने आए थे। लौटते समय डबरा से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-44 के अरु तिराहे पर रात 2 बजे हादसा हो गया। उनकी तेज रफ्तार स्विफ्ट कार सड़क किनारे लगे खंभे से टकरा गई।

टक्कर लगते ही हाई टेंशन लाइन टूटकर कार पर ही आ गिरी और जोरदार धमाके के साथ कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन जलकर खाक हो गया।

### कार के साथ सुबह तक जलते रहे शव..

हादसे में कार सवार 34 वर्षीय अवधेश और रामजीलाल सोनी जिंदा जल गए। जबकि, 29 वर्षीय अविनाश ने कार का विंडो का कांच तोड़ा और बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था जिसके चलते अंदर फंसे दोनों शवों को निकाला नहीं जा सका। तड़के आग बुझने तक कार के साथ साथ अंदर मौजूद शव भी जलकर राख हो गए थे। पुलिस ने जले हुए शव के अवशेष इकट्ठे कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### 4 महीने की बेटी का पिता था मृतक..

मृतक अवधेश अपने परिवार में इकलौता बेटा था, उसकी चार माह की एक बच्ची है।

वहीं, मृतक रामजीलाल सोनी की तीन छोटी बेटियां हैं। हादसे की जानकारी लगते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया।

## श्रीलंका की सामूहिक कब्र से निकल रहे नर कंकाल खुदाई में अब तक 250 शव बरामद..



डेस्क जगप्रेरणा।

***श्रीलंका में जाफना के पास चेम्मनी में कथित सामूहिक कब्रग्राह में मिले कंकालों की संख्या खुदाई के तीसरे चरण में बढ़कर 249 हो गई है। एक मानवाधिकार मामलों के वकील ने यह जानकारी दी।***

श्रीलंका की एक अदालत ने पिछले हफ्ते चेम्मनी में सामूहिक कब्रगाह की खुदाई फिर से शुरू करने का आदेश दिया था, जो सात महीने पहले रोक दी गई थी।

### लिट्टे के संघर्ष के दौरान चर्चा में आई थी ये कब्र..

साल 1990 के दशक में लिब्रेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के संघर्ष के दौरान यह कब्रगाह चर्चा में आई थी। यहां धन की कमी के कारण पिछले साल सितंबर में खुदाई रोक दी गई थी। दूसरे चरण की खुदाई 45 दिनों तक चली, जिसमें 240 कंकाल मिले थे।

### सिक्के और आभूषण भी खुदाई में मिले..

मानवाधिकार वकील रनीथा ज्ञानराजा के अनुसार तीसरे चरण में मंगलवार तक 9 और कंकाल बरामद किए गए। उन्होंने बताया, 'कुछ सिक्के और एक आभूषण जैसा दिखने वाला टुकड़ा भी खुदाई में मिला है।'

### कोर्ट ने न्यायिक परीक्षण का दिया था आदेश..

इससे पहले 13 फरवरी 2025 को चेम्मनी में सामान्य विकास कार्य के दौरान कुछ कंकाल मिले थे, जिसके एक सप्ताह बाद अदालत ने उनके न्यायिक परीक्षण का आदेश दिया। इसके बाद 15 मई को न्यायिक निगरानी में खुदाई का पहला चरण शुरू हुआ।

### 1998 में निकले थे 15 नर कंकाल..

बता दें कि चेम्मनी 1998 में लिट्टे और सरकारी बलों के बीच संघर्ष के दौरान कथित सामूहिक कब्रगाह के कारण चर्चा में आया था। उस समय वहां लगभग 15 कंकाल मिले थे।

## व्यक्ति ने कार में आग लगाकर महिला शिक्षक की हत्या की..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कर्नाटक के बेंगलुरु में एक व्यक्ति ने कार में आग लगाकर उसमें सवार एक महिला की कथित तौर पर हत्या कर दी और इसके बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।***



पुलिस के अनुसार, कथित हत्या को अंजाम देने वाले व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव रेलवे पुलिस को रविवार को बिदादी में रेलवे पटरी के पास मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान डोड्डाबल्लापुरा निवासी रामनजिनप्पा (46) के रूप में हुई है। वह तहसीलदार के कार्यालय में संविदा कर्मचारी था। पुलिस ने बताया कि बेंगलुरु के बाहरी इलाके में डोड्डाबल्लापुरा तालुका में बाशेट्टी औद्योगिक क्षेत्र के पास एक सुनसान इलाके में एक जली हुई कार मिली और उससे महिला का जला हुआ शव बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि मृतका की पहचान सरोजा के रूप में हुई है, वह विवाहित थी और उसका एक बेटा भी है। पुलिस के अनुसार, रामनजिनप्पा अपनी पत्नी से अलग रह रहा था तथा सरोजा के साथ उसका अवैध संबंध था। पुलिस के अनुसार, रामनजिनप्पा ने शनिवार को अस्पताल जाने के बहाने अपने एक परिचित से कथित तौर पर कार ली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मामले की प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि उसने देवनहल्ली के एक बस अड्डे से महिला व्याख्याता को अपनी कार में बिठाया। कुछ घंटों के बाद वे डोड्डाबल्लापुरा के एक सुनसान इलाके में पहुंचे। अधिकारी ने संदेह जताया कि कार में दोनों की बीच कहासुनी हुई और फिर रामनजिनप्पा ने कथित तौर पर महिला के सिर पर हथौड़े से वार कर दिया। पुलिस के अनुसार, इसके बाद उसने कार पर पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगा दी। यह माना जा रहा है कि घटना के बाद उसने भी आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई। उन्होंने बताया कि गाड़ी के अंदर महिला का जला हुआ शव मिला। पुलिस ने बताया कि सरोजा के पति ने रामनजिनप्पा पर उसकी पत्नी की हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी है।

## भर्ती परीक्षाओं में नकल कराने वाले हाईटेक गिरोह का सरगना गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

करीब तीन माह पहले कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की एक भर्ती परीक्षा के दौरान देहरादून के एक ऑनलाइन परीक्षा केंद्र में अभ्यार्थियों को कथित रूप से आधुनिक तकनीक के जरिए नकल कराने वाले एक हाईटेक गिरोह के सरगना को उत्तराखंड विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने गिरफ्तार कर लिया।



अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अभ्यर्थियों को दूर बैठकर अपनी लैब के माध्यम से नकल कराने वाले गिरोह का 13 फरवरी को हुई परीक्षा के दौरान ही भंडाफोड़ करते हुए इसके दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया था। अभ्यर्थियों का परीक्षा में चयन होने पर गिरोह उनके पद के ग्रेड पे के हिसाब से पैसे की मांग करता था।

उत्तराखंड एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने बताया कि गिरोह के मुख्य सरगना शुभम भटनागर को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में कुतुबशेर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि एसएससी द्वारा आयोजित मल्टीटास्किंग (नॉन टैक्निकल) स्टाफ और हवलदार ऑनलाईन परीक्षा के दौरान देहरादून के एमकेपी परीक्षा केंद्र में कथित तौर पर रिमोट एक्सेस संसाधनों का उपयोग कर परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब एसटीएफ द्वारा परीक्षा केंद्र पर दबिश दी गयी तो परीक्षा लैब के पास बने सर्वर रूम के एक कोने में 24 गुणा 24 इंच का एक अंडर ग्राउंड चेंबर (गड्ढा) पाया गया जिसमें राउटर के साथ दो लेपटॉप स्वचालित अवस्था में रिमोटली चलाए जाते मिले थे। इन लैपटॉपों के माध्यम से ऑनलाइन हो रही परीक्षा में प्रश्नपत्रों को हल करने में मदद की जा रही थी।

एसटीएफने लैपटॉपों और राउटर समेत पूरे सिस्टम को कब्जे में लेकर सील कर दिया था तथा मौके पर मौजूद दो आरोपियों–नीतिश कुमार गौड़ तथा भास्कर नैथानी को गिरफ्तार कर लिया था। हांलांकि, गिरोह का सरगना भटनागर तब से फरार था। इस संबंध में देहरादून नगर कोतवाली में सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम 2024 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## खेलने गई 2 बच्चियां टैंक में गिरीं

### अंदर से मिले राधिका और गोसिया के शव..

डेस्क जगप्रेरणा।

***राजस्थान की राजधानी जयपुर के शिप्रापथ थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम दो मासूम बच्चियों की पानी के टंकी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना जगन्नाथपुरी इलाके में हुई,***




जहां बच्चियां अपने किराए के मकान के पास बने एक अर्द्धनिर्मित घर के पानी से भरे टैंक में खेलते समय गिर गईं। थाना प्रभारी महेंद्र यादव ने बताया कि दोनों बच्चियां शाम को खेलने निकली थीं और जब वे देर रात तक घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने आस-पास तलाश शुरू की। यादव के अनुसार, खोजबीन के दौरान बच्चियों की चप्पलें निर्माणाधीन मकान की टंकी के पास मिलीं और जब परिजनों ने टंकी में देखा तो दोनों वहां मिलीं।

उन्होंने बताया कि बच्चियों को तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक बच्चियों की पहचान राधिका (5) और गोसिया (5) के रूप में हुई है। राधिका का परिवार बिहार से और गोसिया का परिवार उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखता है और दोनों जगन्नाथपुरी में किराए पर रहते हैं।

### दोस्तों को ट्रक ने कुचला, दो की मौत..

एक अन्य खबर में, राजस्थान के भरतपुर जिले के सेवर इलाके में ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा मंगलवार रात जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बहनेरा के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, बाइक पर सवार तीन दोस्त शहर में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। लेकिन गंतव्य से करीब पांच किलोमीटर पहले ही हादसे का शिकार हो गए।

थानाधिकारी सतीश शर्मा ने बताया कि दो की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा, 'नीशू कटारा (27) और आकाश चौधरी (27) की मौके पर ही मौत हो गई।' दोनों आगरा के सिकंदरा के रहने वाले थे। हादसे में विनीत (23) गंभीर रूप से घायल हो गया। वह उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद का रहने वाला है।















दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

राकेश रोकडे सालेकसा
मो. 9049200353


## गोंदिया जिले का गौरव: आमगांव की आरुषी अग्रिका ने जिले में लहराया सफलता का परचम

गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।



***प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और जब कठिन परिश्रम का संगम दृढ़ संकल्प से होता है, तो सफलता का इतिहास रचा जाता है।***

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 12वीं (कला संकाय) के परीक्षा परिणामों में आमगांव की कु. आरुषी शरद अग्रिका ने 93.17 प्रति. अंक अर्जित कर संपूर्ण गोंदिया जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आरुषी की इस स्वर्णिम उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे जिले के शैक्षणिक फलक पर आमगांव का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कर दिया है जो छात्र छात्रा कला शाखा मे प्रवेश लेने हिचकचाते है उनके लिये आरुषी एक उत्तम उदाहरण बन गई है आरुषी पहली कक्षा से सभी कक्षा मे अत्यंत हुशार छात्रा थी आरुषी को कक्षा 10 वी मे 95 प्रति. अंक हासिल किये आरुषी की कक्षा 1 ली से कक्षा 10 वी तक एंव उसके बाद कक्षा 11 वी 12 की पुरी शिक्षा अंग्रेजी माध्यम मे पुर्ण की कक्षा 10 मे 95 प्रति. अंक हासिल करने के बाद विज्ञान शाखा मे प्रवेश लेंने हेतु कहा गया किंतु आरुषी ने कला शाखा मे विज्ञान शाखा से अधिक अवसरो का पुरा अध्ययन किया था एंव उसके आधार पर कक्षा 10 वी मे 95 प्रति. अंक हासिल करने के बाद भी गोंदिया के एस.एस.गर्लस कनिष्ठ महाविद्यालय मे प्रवेश लिया एवं कडी मेहनत एंव लगन के बाद कला शाखा 93.17 प्रति. अंक हासिल करते हुये कला शाखा मे जिले मे प्रथम स्थान हासिल किया एवं अब दिल्ली विश्वविद्यालय मे प्रवेश लेकर कला शाखा के माध्यम से ही अपने भविष्य को संवारना चाहती है। आरुषी की इस विलक्षण सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए दुष्यंत नामदेव किरसान ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया एक विशेष गरिमामय कार्यक्रम के दौरान आरुषी का सत्कार करते हुए किरसान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों का इस तरह शिखर पर पहुँचना समाज के लिए प्रेरणापुंज है। उन्होंने आरुषी के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए उन्हें आगामी उच्च शिक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं इस सम्मान समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामसिंह चव्हाण, वरिष्ठ पत्रकार इशुलाल भालेकर, देवकांत बहेकार, संपत सोनी एवं राहुल चुटे ने सहभागिता की। उपस्थित अतिथियों ने आरुषी की मेधा की सराहना करते हुए इसे उनकी एकाग्रता और सतत अभ्यास का प्रतिफल बताया।

आरुषी की इस सफलता की सूचना मिलते ही संपूर्ण आमगांव क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। सोशल मीडिया और व्यक्तिगत संदेशों के माध्यम से उन्हें चहुंओर से बधाइयाँ मिल रही हैं। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर आरुषी ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और इरादे नेक, तो सफलता कदम चूमती है। क्षेत्र के सभी वर्गों द्वारा उनकी इस उपलब्धि की मुक्तकंठ से प्रशंसा की जा रही है।

### बोली आरुषी शरद अग्रिका..



'मैने जब कक्षा 10 वी मे 95 प्रति. अंक हासिल किये थे तब सभी ने मुझे विज्ञान शाखा मे प्रवेश लेने की सलाह दी गई थी कितु विज्ञान शाखा एवं कला शाखा मे भविष्य के अवसरो का जब मैनै अभ्यास किया तो मुझे कला शाखा मे विज्ञान शाखा से अधिक अवसरो का पता चला तब मैने कला शाखा मे प्रवेश लेने का निश्चित किया था एंव इसी कला शाखा के माध्यम से दिल्ली विश्वविद्यालय मे प्रवेश लेकर भविष्य संवारना चाहती हु कला शाखा मे भविष्य संवारने भरपुर अवसर है छोटे छोटे पदो पर नोकरी के अवसरो के साथ बडे प्रशासकीय अधिकारी से लेकर भाषा अनुवादक राजदुत तक अनेक अवसर है इस शाखा के छात्र छात्रा भी कडी मेहनत एंव लगन से पढने की जरुरत है ताकिं वे अपना अच्छा भविष्य संवार सके।'

### बोले आरुषी के पिता शरद अग्रिका..



'आरुषी के सफलता का सही राज उसकी मेहनत एंव लगन है आरुषी ने कक्षा के पढाई के साथ लैपटाप के माध्यम से आँनलाईन पढाई की कितु पढाई के दौरान मोबाईल फोन से एवं सोशल मिडिया से पुरी तरह दुर रही स्कुल महाविद्यालय मे क्या करना है यह तो बता रहे है कितु क्या नही करना है यह बताने की घर पर माता-पिता एवं घरवालो को उठानी चाहिए तभी अपने बच्चो से सफलता अपेक्षित कर सकते हैं।'

## घाटटेमणी का गुरुदेव संस्कार शिविर बना राष्ट्रीय पहचान, 1982 से संस्कारों की सतत परंपरा..

### राष्ट्रीय प्रेम, देशभक्ति और संस्कारों का संगम, महाराष्ट्र–मध्यप्रदेश से बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी..

गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।







***वंदनीय राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की ग्राम जयंती के अवसर पर गुरुदेव सेवा मंडल के तत्वावधान में गोंदिया जिले के आमगांव तहसील अंतर्गत घाटटेमणी में***

आयोजित गुरुदेव सार्वजनिक संस्कार शिविर को इस वर्ष भी व्यापक प्रतिसाद मिल रहा है। वर्ष 1982 से निरंतर आयोजित हो रहा यह शिविर आज राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श पहल के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

महाराष्ट्र राज्य के अंतिम छोर पर स्थित घाटटेमणी में आयोजित इस संस्कार शिविर में महाराष्ट्र के साथ-साथ मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में बालक भाग लेते हैं। इस शिविर के माध्यम से बच्चों के केवल शारीरिक और मानसिक विकास पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रेम, देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों का भी सशक्त संस्कार किया जाता है। इससे राष्ट्र निर्माण के लिए सक्षम, जागरूक और जिम्मेदार नई पीढ़ी तैयार करने का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है।

शिविर में सामूहिक ध्यान, सूर्यदर्शन, परिसर स्वच्छता हेतु श्रमदान, सूर्यनमस्कार, योगासन एवं प्राणायाम, मल्लखंभ, बौद्धिक सत्र, राष्ट्रीय प्रबोधन, भजन, शारीरिक खेल, दंड-योग प्रशिक्षण तथा राष्ट्र वंदना जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और देश सेवा के प्रति समर्पण विकसित किया जाता है। विशेष रूप से राष्ट्रीय प्रबोधन एवं राष्ट्र वंदना के जरिए देश के इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ किया जाता है।

शिविर के बौद्धिक सत्रों में नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति, संवैधानिक कर्तव्यों, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाता है। इससे बच्चों में सकारात्मक सोच विकसित होती है और समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

पिछले चार दशकों में इस शिविर से जुड़े अनेक विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और समाज सेवा तथा राष्ट्र सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यही कारण है कि इस शिविर की ख्याति अब केवल राज्य तक सीमित न रहकर पूरे देश में फैल चुकी है और यह एक सुसंस्कारित एवं राष्ट्रप्रेमी पीढ़ी तैयार करने वाला महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।

इस वर्ष का शिविर 29 अप्रैल से 15 मई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस संस्कारमय शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## गैस एजेंसियों और तहसील निरीक्षण अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, तिरोड़ा के अध्यक्ष अब्दुल रफीक शेख के नेतृत्व में तहसीलदार श्री ठाकरे को ज्ञापन सौंपकर तहसील कार्यालय के अधीन आने वाली सभी गैस एजेंसियों एवं तालुका निरीक्षण अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग***

की गई। ज्ञापन में बताया गया कि तिरोड़ा शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर (रिफिल) निर्धारित समयावधि में घर तक पहुंचाना आवश्यक है। साथ ही रेगुलेटर सर्विसिंग और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना भी उनकी जिम्मेदारी है, लेकिन अधिकांश एजेंसियां इन नियमों का पालन नहीं कर रही हैं।

ग्राहक पंचायत ने यह भी उल्लेख किया कि 15 जनवरी 2026 को भी तहसीलदार को इस संबंध में शिकायत दी गई थी, जिसमें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया था।

यदि संबंधित अधिकारियों ने समय पर ध्यान दिया होता, तो वर्तमान में ऐसी गंभीर स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

### ज्ञापन में प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं..

गैस एजेंसियों और संबंधित निरीक्षण अधिकारियों की जांच कर कार्रवाई की जाए। उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर घर-घर गैस रिफिल उपलब्ध कराया जाए। एक ग्राहक के नाम का सिलेंडर दूसरे को देने की प्रथा बंद की जाए। रिफिल न देकर नए कनेक्शन के लिए दबाव बनाने की शिकायतों पर रोक लगे। बुकिंग के अनुसार ही सिलेंडर वितरण सुनिश्चित किया जाए। एजेंसी कर्मचारियों द्वारा फोन कॉल न उठाने और दुर्व्यवहार करने पर कार्रवाई की जाए। गैस एजेंसी और गोदामों में ग्राहकों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

इस दौरान अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत तिरोड़ा के अध्यक्ष अब्दुल रफीक शेख, सचिव प्रा. सुशील भातनकर, उपाध्यक्ष महादेव घरजारे, संगठन मंत्री वाल्मिक राऊत, कोषाध्यक्ष अशोक रहांगडाले सहित अन्य सदस्य एवं उपभोक्ता उपस्थित रहे।

## देवरी पुलिस ने लड़की से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार..

जगप्रेरणा देवरी।

***पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के निर्देशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे (गोंदिया कैंप देवरी) एवं उपविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटील के मार्गदर्शन में देवरी पुलिस ने लड़की से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।***

प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस स्टेशन देवरी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75(2) तथा बालकों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पास्को) 2012 की धारा 8 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में आरोपी काशीनाथ शहारे (उम्र लगभग 62 वर्ष, निवासी देवरी, तहसील देवरी, जिला गोंदिया) को पुलिस निरीक्षक प्रविण डांगे ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

न्यायालय ने आरोपी को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है और फिलहाल आरोपी पुलिस कस्टडी में है। मामले की आगे की जांच वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक प्रविण डांगे, पुलिस स्टेशन देवरी द्वारा की जा रही है।

## नागपुर मंडल की पहल 'जनता खाना' स्टॉल से जनरल कोच यात्रियों को सस्ता भोजन..

### रेल यात्रियों के लिए राहत नागपुर मंडल में 'जनता खाना'की व्यवस्था..

जगप्रेरणा गोंदिया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडल के प्रमुख नागभीड़, राजनांदगांव, गोंदिया, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी एवं छिंदवाड़ा इत्यादि रेलवे स्टेशनों पर ÷जनता खाना÷ स्टॉल की व्यवस्था की गई है। यह स्टॉल प्लेटफॉर्म पर विशेष रूप से ट्रेनों के जनरल कोच के सामने लगाए जा रहे हैं, ताकि सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को आसानी से कियाती एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध हो सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनरल कोच के यात्रियों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। 'जनता खाना' के अंतर्गत निम्नलिखित किफायती विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं -

₹20/- में: 7 पूड़ी (लगभग 175 ग्राम), सूखी आलू की सब्जी (150 ग्राम) एवं अचार (12 ग्राम) 20/- में: लेमन राइस (200 ग्राम) एवं अचार (12 ग्राम)14/- में: 1 लीटर पानी की बोतल।

मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में यह पहल शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य आम यात्रियों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी यात्रा और अधिक सुविधाजनक बन सके।

रेलवे प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं उचित मात्रा का विशेष ध्यान रखा जाए। यह व्यवस्था यात्रियों को यात्रा के दौरान सस्ता, ताजा और सुलभ भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल का यह सराहनीय प्रयास न केवल यात्रियों को अधिक सहज, सुरक्षित और संतोषजनक यात्रा अनुभव प्रदान करेगा, बल्कि उनके मन में रेलवे के प्रति विश्वास और अपनत्व की भावना को भी और मजबूत करेगा। यह पहल रेलवे की यात्री-हितैषी, संवेदनशील एवं आधुनिक छवि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### प्लाट पर लकड़ी क्यो रखा पुछने पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/5/2026 के 11 बजे के दरम्यान ग्राम मांडवी मे फर्यादी राजेश शालिकराम पुंडे उम्र 48 वर्ष निवासी मांडवी का बाजु मे खाली प्लाट है वहा आरोपी ने झाड की लकड़ी लाकर रखा था। फर्यादी ने कहा मेरे प्लाट पर लकड़ी क्यो रखा तो आरोपी ने कहा तेरा प्लाट है क्या बोलकर गालीगलौच की और लकडी से मारकर जख्मी किया पत्नी बीच बचाव के लिये आयी तो आरोपी क्रमांक दो मे लोहे की टिकास लेकर मारने दौड़ा और कहा दोनो को जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 495/2026 धारा 118, 1, 352, 351, 2, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा नामुर्ते 1194 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### पुराने विवाद पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/5/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान ग्राम वडद मे फर्यादी नेताजी बुधराम चन्ने उम्र 55 वर्ष निवासी वडद और आरोपी मे जमीन को लेकर पुराना विवाद चालु है, जिसकी वजह से दोनो की बातचीत बंद है। घटना के दिन फर्यादी अपने गाववालो से पानी की समस्या को लेकर चर्चा कर रहे थे। जहा आरोपी ने आकर कहा तेरे को पानी के लिये बोलने का अधिकार नही है, और तेरी नजर मेरी जमीन पर है बोलकर गालीगलौच कर थप्पड मारा गाव के लोगो ने बिचबचाव कर झगडा छुडाया तो आरोपी ने कहा तेरे पुरे परिवार को जान से मार दूंगा धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे आरोपी के खिलाफअपराध क्रमांक 242/2026 धारा 117, 2,115, 2, 352, 351, 3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा वानखेडे 1184 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### नहर मे नहाने गये युवक की पानी मे डुबने से हुई मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/5/2026 के 12 बजे के दरम्यान ग्राम बरडटोली मे विक्की लिलाधर पर्वते उम्र 28 वर्ष अपने चचेरे भाई के साथ इटीयाडोह नहर मे नहाने गया था। नहाते समय गहरे पानी मे जाने से उसकी डुबकर मौत हो गई। दुसरे दिन सुबह उसकी लाश मिलने से फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अकस्मात मौत क्रमांक 20/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा रोशन गोंडाने 1131पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

### घायल अवस्था मे मिले युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/ 5/ 2026 के शाम 8 बजे के दरम्यान बालाघाट गोंदिया रोडपर अंभोरा बसस्टॉप के पास चुरण शोभाराम नेवारे उम्र 40 वर्ष निवासी बगदरा बालाघाट यह बसस्टॉप अंभोरा डिवायडर के पास जख्मी अवस्था मे मिला उसे उठाकर उपचार के लिये केटीएस अस्पताल ले गये जहा डाक्टर ने जॉच कर मृत घोषीत किया। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे रावणवाडी मे अकस्मात मौत क्रमांक 16/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा सव्वालाखे 1512 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
तिरोड़ा • गोरेगांव • आमगांव • सालेकसा • देवरी • मोरगांव अर्जुनी • तुमसर • साकोली • लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## खरीफ सीजन में किसानो के लिये सिंचाई जल का उचित नियोजन करें.. ' पालक मंत्री इंद्रनील नायक




■ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पालकमंत्री ने ली खरीफ पूर्व समीक्षा बैठक.. ■ खाद की कालाबाजारी और लिंकिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश.. ■ जिले में 2.03 लाख हेक्टेयर में बुवाई का लक्ष्य, ■ मक्का उत्पादन और इथेनॉल निर्माण पर जोर..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*आगामी खरीफ सीजन में कम बारिश के अनुमान को देखते हुए पालक मंत्री इंद्रनील नायक ने किसानों को जल नियोजन (वाटर मैनेजमेंट) पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को जिला प्रशासन के साथ आयोजित खरीफ पूर्व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक*

में उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को बीज और खाद की कमी नहीं होनी चाहिए। पालक मंत्री ने कृषि विभाग को सख्त निर्देश दिए कि खाद और बीजों की बिक्री निर्धारित दरों पर ही हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई विक्रेता यूरिया या डीएपी के साथ जबरन दूसरी दवाइयां या खाद (लिंकिंग) बेचता है, तो किसान तुरंत शिकायत करें। ऐसे दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने पिछले साल के धान का बकाया भुगतान जल्द से जल्द करने और बंद पड़े मक्का खरीद केंद्रों को तत्काल शुरू करने के आदेश दिए।

### 2 लाख हेक्टेयर से अधिक पर बुवाई का लक्ष्य..

बैठक में जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी निलेश कानवडे ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए जिले में 2,03,209 हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई का प्रस्ताव है। इसके लिए 56,946 क्विंटल बीजों की आवश्यकता होगी। जिले में मुख्य रूप से धान, तुअर, तिल, मक्का और सब्जियों की खेती की जाएगी।

### मक्का उत्पादन और इथेनॉल पर फोकस..

धान की खेती के विकल्प के रूप में जिले में मक्का उत्पादन बढ़ाने के लिए एक विशेष 3 वर्षीय प्रोजेक्ट (2025-28) चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य इथेनॉल निर्माण के लिए मक्के की आपूर्ति करना है, जिससे लगभग 42,000 किसान परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि बैठक में पीक बीमा अंतर्गत वर्ष 2025 में 50 हजार किसानों को 38.41 करोड़ रुपये का बीमा कवर मंजूर किया गया।

इसी प्रकार जिले के 71,804 किसानों को महाविस्तार ऐप डाउनलोड कर इसके माध्यम से तकनीक और मौसम की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 26,274 लाभार्थियों का चयन किया गया है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का पंचनामा तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस वर्चुअल बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, सांसद नामदेव किरसान, विधायक विनोद अग्रवाल, संजय पुराम, जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदवले और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सहकारी क्षेत्र की सबसे विश्वसनीय बैंकों में शामिल है जनता सहकारी बैंक - विधायक डॉ. परिणय फुके






### आमगांव शाखा अपने नए भवन में हुई स्थानांतरित..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया के कुछ व्यापारियों द्वारा 56 वर्ष पहले शुरू की गई छोटी-सी पहल आज एक विशाल वृक्ष का रूप ले चुकी है। आज जनता सहकारी बैंक की गोंदिया और भंडारा जिलों में 12 शाखाएं हैं तथा यह सहकारी क्षेत्र की सबसे विश्वसनीय बैंकों में गिनी जाती है। बैंक के अध्यक्ष दिनेश दादरीवाल के नेतृत्व में*

ग्राहक हितों को केंद्र में रखकर ग्राहक अनुकूल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष बात यह है कि बैंक की स्थापना विजयादशमी के पावन दिन हुई थी, इसलिए यह कहा जा सकता है कि बैंक पर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद बना हुआ है। यह बात विधान परिषद सदस्य डॉ. परिणय फुके ने जनता सहकारी बैंक की आमगांव शाखा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन समारोहपूर्वक करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष दिनेश दादरीवाल ने की।

इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल (गोंदिया), विधायक संजय पुराम (आमगांव-देवरी), जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, भाजपा जिलाध्यक्ष सीता रहांगडाले, पूर्व विधायक केशवराव मानकर, भेरसिंह नागपुरे, भाजपा संगठन मंत्री वीरेंद्र अंजनकर, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष विजय शिवणकर, सुरेश असाटी, बैंक के उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी, डॉ. गजानन डोंगरवार, एडवोकेट येसूलाल उपराडे, पालक संचालक रितेश अग्रवाल तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी उमेश जोशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ज्ञात हो कि आमगांव शाखा अपने स्वयं के भवन में स्थानांतरित हो गई है।

गौरतलब है कि प्रारंभ में अध्यक्ष दिनेश दादरीवाल ने बैंक की प्रगति यात्रा की जानकारी देते हुए आधुनिक एवं बेहतर ग्राहक सेवाएं प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक विनोद अग्रवाल और विधायक संजय पुराम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बैंक को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन निदेशक सुशील अग्रवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर निदेशक धीरज अग्रवाल, राजकुमार नोतानी, सुनील केलनका, मुकेश साहू, नंदकिशोर असाटी, मनोहर पोपटानी, श्रीधर शिवणकर, डॉ. त्रिलोक गुरलवार, हर्षिला वैद्य, शीला तिवारी, विनोद खंडेलवाल, घनश्याम अग्रवाल, मिलिंद अलोनी, उमेश मेंढे, उमंग पटेल, राकेश वर्मा, भाऊराव उईके सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गौशाला में इतनी निष्ठा से गौ सेवा देखकर मन में प्रसन्नता होती है - पूर्व सांसद सुनिल मेंढे

### श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के गौ शेड के लोकार्पण समारोह का आयोजन संपन्न..





जगप्रेरणा गोंदिया।

*जब जब गोदिया आता हूँ, एवं जब जब गौशाला आता हूँ, यहाँ चल रही गौसेवा देखकर मन में प्रसन्नता होती है। मेरे इतने वर्ष के राजनीतिक जीवन में मैंने अनेक सामाजिक संस्थाओ, धर्माशाला, मंदिर सभी को आर्थिक सहयोग प्रदान किया, परंतु इस गौशाला में मेरे निधी से निर्मीत गौ-शेड देखकर मन*

प्रफुल्लित हुवा। इस शेड का निर्माण एकदम उच्च दर्जे का देखकर प्रसन्नता हुई, ऐसे उद्गार पूर्व सांसद सुनील मेढे ने गौदिया के श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा पिंडकेपार गौशाला के गौ-शेड के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किये। रविवार दिनांक 3 मई 2026 को संध्या 6 बजे आयोजित गौ-शेड लोकार्पण समारोह में पूर्व सांसद सुनील मेंढे मुख्य अतिथी के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर संपूर्ण विदर्भ क्षेत्र के जाने माने ह्यदयरोग तज्ञ डॉ. प्रमोद मूंदडा एवं गजेन्द्र फुंडे (गज्जुभाऊ) भी अतिथी के रुप मे उपस्थित थे।

गौरतलब है कि पूर्व सांसद की सांसद निधि से निर्मीत गौ-शेड तकरीबन 11000 वर्गफिट में निर्मीत किया गया जिसकी उंचाई 22 फुट रखी गयी। इस शेड के माध्यम से तकरीबन 150 गौवंश को शेड में आश्रय मिलेगा। इस शेड में गौवंश के लिये पीने के पानी की व्यवस्था व प्रत्येक गौवंश को बांधने की व्यवस्था की गयी साथ ही साथ भरपूर लाईट, हवा की व्यवस्था भी की गयी है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथी द्वारा गौमाता का पुजन एवं भगवान कृष्ण के पुजन से प्रारंभ हुई। इसके पश्चात सभी अतिथीयो द्वारा श्रीराम गौसेवा परिवार के गौ- प्रेमीयो के साथ गौमाता को दाना खिलाकर सेवा की गई, वहीं मंत्रो के उच्चारण ध्वनी के साथ 45 लाख रुपये की लागत से निर्मित शेड का लोकार्पण किया गया। मंच पर मुख्य अतिथी के अतिरिक्त संस्था ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, संस्था अध्यक्ष श्री शंकरलाल अग्रवाल, ट्रस्ट बोर्ड सचिव राकेश वर्मा, गोपूरी प्रमुख श्री सीताराम अग्रवाल (महालक्ष्मी), कोषाध्यक्ष श्री दिनेश जयपूरीया एवं सुमित श्री भालोटिया उपस्थित थे। मंचासीन समी अतिथीयो का पुष्पगुछ देकर स्वागत किया गया। संस्था सचिव सी.ए. राजेश व्यास ने इस शेड की आवश्यकता एवं इसके वर्तमान में उपयोग की संपूर्ण जानकारी सभा को दी।

### सचिव राजेश व्यास ने दी जानकारी..

सचिव सीए राजेश व्यास ने बताया कि सांसद प्रफुलभाई पटेल, विधायक नानाभाऊ पटोले, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, विधायक डॉ. परिणय फुके, पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन तथा वर्तमान विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा समय-समय पर प्रदान किये आर्थिक सहयोग से आज गौशाला परिसर मे पर्याप्त मात्रा में दाना चारा शेड, तनस शेड तथा गौ माता के लिये शेड का निर्माण हो चुका है। वर्तमान में आज जहाँ गौशाला में 1000 से ज्यादा गौवंश विद्यमान है। संपूर्ण गौवंश के लिये पर्याप्त मात्रा में गौ-शेड का निर्माण हो चूका है। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनील मेढे द्वारा दिये गये 25 लाख की सहयोग राशी से निर्मित सुससज्जित ऑफिस की भी जानकारी श्री व्यास ने दी, वहीं आने वाले दिनो में संस्था की टिकायतपूर की जमीन पर नंदी गौशाला खोलने के प्रस्ताव की भी जानकारी दी। गौ सम्मान अभियान में अधिक से अधिक लोग जुडे जिससे गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा प्राप्त हो इस हेतू सचिव द्वारा आव्हान किया।

### बोले डॉ. प्रमोद मूंदड़ा..

डॉ. प्रमोद मूंदडा जी ने गौमाता की कि जा रही सेवा के प्रति आत्मीयता व्यक्त की तथा गौसेवा हेतू ही शंकरलालजी अग्रवाल को नया जन्म प्राप्त हुआ, इस प्रकार के उद्गार भी व्यक्त किये। श्री मुंदड़ा ने कहा कि आप सभी गोंदियावासी निश्चित ही पुन्यदायी हो, जिस गौमाता में 33 कोटी देवी देवताओ का वास है ऐसे गौमाता की सेवा करने का अवसर आपको निरंतर प्राप्त हो रहा है।

### इन्होंने भी किया संबोधित..

इस अवसर पर अजय अग्रवाल ने पूर्व सांसद सुनील मेंढे के किये गये कार्य की प्रशंसा की। श्री सिताराम अग्रवाल ने शासन द्वारा गौसेवा हेतू कम दाम पर दाना देने हेतू योजना बनाने पर बल दिया जिससे प्रत्येक घर मे गौमाता की सेवा हो सके। अपने अध्यक्षीय संबोधन में शंकरलाल अग्रवाल ने पूर्व सांसद सुनिल मेंढे के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। डॉ. मूंदडा द्वारा गंभीर तकलीफ होने पर ऑपरेशन कर नया जीवन देने की बात भी श्री अग्रवाल ने बताई, वहीं कहा कि मैं यह जीवन गौ सेवा में समर्पित कर चुका हूं, जो मेरे जीवन का लक्ष्य है।

### सुमित भालोटिया का किया गया अभिनंदन..

इस अवसर पर समिति द्वारा श्री सुमित भालोटिया द्वारा एकत्रित की गई तकरीबन 4,50,000/- गौदान चारे की सेवा की भरपूर तारीफकी गई तथा उनका अभिनंदन किया। इस गौ-शेड के परियोजना निवेशक राम शंकरलाल अग्रवाल ने इस शेड के निर्माण की संपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस समारोह अवसर पर रविवारीय गौसेवा करने वाले श्रीराम गौसेवा परिवार द्वारा दीप दान कर 501 दीप जलाये गये। सभी अतिथीयों ने श्रीराम गौसेवा परिवार के हनुमान चालिसा पाठ में हिस्सा लिया तथा उनके गौसेवा की तारीफकी। इस अवसर पर अतिथीयो का शाल, श्रीफल एवं स्मृती चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारीणी, ट्रस्ट बोर्ड एवंम् महिला समिती के सदस्य के अलावा सभी गौसेवक एवंम् गौ प्रेमी समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव सी. ए. राजेश व्यास ने किया। श्री राम अग्रवाल ने सभी के प्रती आभार व्यक्त किया।

## न.मा.द. महाविद्यालय में किया गया 12वीं बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह..

### 23 विद्यार्थियों ने प्राप्त किये 90 प्रतिशत से अधिक अंक..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शिक्षण संस्था, गोंदिया द्वारा संचालित नटवरलाल मानिकलाल दलाल (न.मा.द.) महाविद्यालय, गोंदिया में कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रवींद्र मोहतुरे ने की। इस अवसर पर कनिष्ठ महाविद्यालय पर्यवेक्षक प्रो. रवींद्र राहागडाले, पालक प्रतिनिधि श्री लव धोटे,*

महिला पालक प्रतिनिधि डॉ. स्मिता आचार्य, डॉ. शिबू आचार्य तथा डॉ. भावेश जसानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक शिक्षणमहर्षि स्व. मनोहरभाई पटेल के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम का प्रास्ताविक डॉ. कपिल चव्हाण ने प्रस्तुत किया।

उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, परीक्षा परिणाम तथा विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों के उल्लेखनीय योगदान की जानकारी दी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. मोहतुरे ने कहा कि संस्था के संस्थापक स्व. मनोहरभाई पटेल के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए संस्था निरंतर प्रगति कर रही है। उन्होंने मार्गदर्शक मा. प्रफुलभाई पटेल, अध्यक्षा श्रीमती वर्षा पटेल, सचिव राजेंद्र जैन तथा संचालक निखिल जैन के योगदान की सराहना की और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय जगणे ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रो. रवींद्र राहागडाले ने किया। कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रा. उर्विल पटेल, डॉ. रवींद्र तिडके, प्रा. चेतन मानकर, प्रा. गीता पटेल, प्रा. कविता पटेल, श्री अनुराग नागतोडे, इशाद शेख, सेवक चौधरी एवं माला धोटे ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

### इनका किया गया सम्मान..

मेधावी विद्यार्थीयों में कला संकाय में कु. तनिषा शिबू आचार्य 88.83 प्रतिशत (जिला स्तर पर तृतीय स्थान), कु. गरिमा सुरेश गंगभोज 84.17 प्रतिशत, कु. पायल हेमराज पंधराम 83.83 प्रतिशत, कु. खुशबू आनंदराव लांजेवार 83.83 प्रतिशत, कु. तन्वी अनुप देशपांडे 79.83 प्रतिशत, कु. रिया विनोद लांजेवार 77 प्रतिशत, कु. सिद्धी सुधीर मसानी 76.88 प्रतिशत, देव प्रमोद शर्मा 76 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में कु. दीपिका राकेश माने 97.17 प्रतिशत, (जिला स्तर पर तृतीय स्थान), कु. एकता अनिल गौतम 96 प्रतिशत, कु. माही मनोजकुमार राऊत 94.83 प्रतिशत, कु. रोशनी सुनील चावला 94.13 प्रतिशत, कु. पियूसी मानकर 94.50 प्रतिशत, निश्चल अनुराग अग्रवाल 94.17 प्रतिशत, आर्यन आशिष बनसोड 93.83 प्रतिशत, वंशिका अनिलकुमार चूटलानी 93.33 प्रतिशत, वेद इंद्रजीत पटले 93 प्रतिशत, कु. आभा संजय चौधरी 92.83 प्रतिशत, मनन अमित ठाकरे 92.50 प्रतिशत, कु. दिशा विजय गंगवानी 92.39 प्रतिशत, शुभम संतोष मोटवानी 92.33 प्रतिशत, कु. जिया संजय खुशवानी 91.33 प्रतिशत, कुलदीप भरतलाल लढानी 91.33 प्रतिशत, कु. अनुष्का मनोज अग्रवाल 90.67 प्रतिशत, कु. महिमा मोहनदास गलानी 90.17 प्रतिशत, उद्धव रामकुमार मोदी 90 प्रतिशत, कृषी नरेश कुमार अग्रवाल 90.67 प्रतिशत, तन्मय अमित चुटलानी 89.67 प्रतिशत, कु. कोमल राजेश हरोड़े 89.50 प्रतिशत, कु. कृष्णा मनीषा ज्ञानचंदानी 89.50 प्रतिशत, राहील लव धोटे 89.29 प्रतिशत प्राप्त करने पर इन सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।







स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com